संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -143 रविवार ,26 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# कांग्रेस आज देश भर में करेगी संकल्प सत्याग्रह

» देशभर में आज आंदोलन की तैयारी

**नई दिल्ली,25 मार्च 2023 (ए)।** मोदी सरनेम विवाद में एक ओर सूरत कोर्ट से राहुल गांधी को दो साल की सजा हुई, तो दूसरी ओर उनकी लोकसभा की सदस्यता भी चली गई। कांग्रेस का आरोप है कि राहुल की प्रसिद्धी से मोदी सरकार घबराई हुई है, ऐसे में उन्होंने दबाव डालकर राहुल की सांसदी खत्म करवा दी। जिसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतर रहे हैं। शनिवार को राहुल के समर्थन में देशभर में प्रदर्शन हुआ, तो वहीं कांग्रेस ने रविवार की भी रणनीति तैयार कर ली है।

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल के मुताबिक उनकी पार्टी कल (रविवार) राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारी कर रही। इसके तहत सुबह 10 बजे से संकल्प सत्याग्रह शुरू होगा। उनके मुताबिक पूरे भारत में कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं, ऐसे में सभी राज्य मुख्यालयों और गांधी प्रतिमा के सामने संकल्प सत्याग्रह किया जाएगा। पार्टी ने सभी राज्य इकाइयों को इसके लिए निर्देश जारी कर दिए हैं।

### कई जगहों पर हुआ प्रदर्शन

राहुल गांधी के मुद्दे पर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर में प्रदर्शन किया। इस दौरान चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शताब्दी एक्सप्रेस रोक दी। वो इंजन के ऊपर चढ़ गई थे। साथ ही मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं राहुल वायनाड सीट से सांसद थे, ऐसे में वहां पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिनभर प्रदर्शन किया। केरल पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले हुए सुरक्षा के इंतजाम कर लिए थे।

**राहुल गांधी के मुद्दे पर शनिवार को भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर में प्रदर्शन किया**



### राहुल गांधी ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

वहीं सदस्यता जाने के बाद राहुल गांधी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बीजेपी और मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने आरोप लगाया कि उनकी आवाज दबाने के लिए ये कदम उठाया गया है। वो सवाल उठाना जारी रखेंगे। बीजेपी के अपमान वाले आरोपों पर उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की मेरी कोई भी स्पीच देख लीजिए, मैंने हमेशा कहा है कि सब समाज एक हैं। नफरत, हिंसा नहीं होनी चाहिए। ये ओबीसी का मामला नहीं है, ये नरेंद्र मोदी और अडानी के रिश्ते का मामला है। भाजपा ध्यान को भटकाने का काम करती है, कभी ओबीसी की बात करेगी, कभी विदेश की बात करेगी।

### माफी मांग सकते थे राहुल गांधी, ओबीसी समुदाय का ना होता अपमानः हिमंत बिस्वा सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी माफी मांग सकते थे या उस टिप्पणी को वापस ले सकते थे जिसके लिए उन्हें सूरत की एक अदालत ने सजा सुनाई थी। सरमा ने कहा कि कभी-कभी जुबान फिसल जाती है और हमने भी इसका अनुभव किया है, लेकिन हम यह कहते हुए माफी मांगते हुए बयान जारी करते हैं कि यह अनजाने में हुआ था। राहुल गांधी भी ऐसा कर सकते थे और मामला वहीं खत्म हो जाता।

### ओबीसी समुदाय का अपमान

सरमा ने मानहानि में राहुल गांधी को दोषी ठहराए जाने के सूरत अदालत के फैसले का जिक्र करते हुए दावा किया कि गांधी ने माफी नहीं मांगी और न ही पिछले पांच वर्षों में टिप्पणियों को वापस लिया और यह सब ओबीसी समुदाय का अपमान करने के लिए किया गया था।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि देश एक संवैधानिक लोकतंत्र में नई गिरावट देख रहा है। टीएमसी सुप्रीमो ने एक ट्वीट में कहा, ÷पीएम मोदी के न्यू इंडिया में, विपक्षी नेता भाजपा के मुख्य लक्ष्य बन गए हैं!

जबकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले भाजपा नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाता है, विपक्षी नेताओं को उनके भाषणों के लिए अयोग्य घोषित किया जाता है।

इसी तरह, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी शुक्रवार को देश के लिए अयोग्यता को आपत काल (आपातकाल) करार देते हुए केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर हमला बोला। सोरेन ने एक ट्वीट में कहा, आज के अमृत काल में भाजपा और केंद्र द्वारा विपक्षी नेताओं को सत्ता के हर हथकंडे का इस्तेमाल कर चुप कराया जा रहा है।

### पांच साल की लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद लिया गया फैसला

असम के मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा, ऐसा नहीं है कि उन्हें किसी भाजपा सदस्य या प्रधानमंत्री नरेंद्र से माफी मांगनी पड़ी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और अपना अहंकार दिखाया। यह एक न्यायिक प्रक्रिया है...एक चक्र है और इसमें कुछ भी राजनीतिक नहीं है। पांच साल की लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद यह फैसला लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने फैसले का जिक्र करते हुए कहा, कर्म (भाग्य) ने आखिरकार उसे पकड़ लिया है। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि न्यायिक सहारा खुला है, और गांधी उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में फैसले को चुनौती दे सकते हैं



# इसरो फिर रचेगा इतिहास

**ब्रिटिश कंपनी के 36 सैटेलाइट आज श्रीहरिकोटा से होंगे लॉन्च**

**श्रीहरिकोटा ,25 मार्च 2023 (ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) रविवार को फिर से इतिहास रचने जा रहा है। उसके एलवीएम3 रॉकेट के प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ये रॉकेट यूके स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों (सैटेलाइट) को अंतरिक्ष में ले जाएगा। इसरो के मुताबिक काउंटडाउन शनिवार सुबह 8.30 पर शुरू हो गया था, जो सुचारू रूप से चल रहा।

जानकारी के मुताबिक 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलव्हीएम 3 रविवार सुबह 9 बजे श्रीहरिकोटा से लॉन्च होगा। इसके जरिए 5805 किलोग्राम वजन वाले 36 एलव्हीएम उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। वहीं काउंटडाउन शुरू होते ही रॉकेट और सैटेलाइट सिस्टम की जांच शुरू कर दी गई। साथ ही उसमें ईंधन भरने की प्रक्रिया जारी है।

### कितनी है एलव्हीएम की क्षमता?

वैज्ञानिकों के मुताबिक एलव्हीएम एक तीन चरण वाला रॉकेट है। ये एलईओ तक 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट तक चार टन ले जाने में सक्षम है। इसरो ने इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलव्हीएम3-एम3/वनवेब इंडिया-2 रखा है। उन्होंने आगे बताया कि लॉन्च होने के 19 मिनट बाद सैटेलाइट के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके बाद 36 सैटेलाइट पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित होंगे। वनवेब के पास अब आर्बिट में 582 उपग्रह हैं। 26 मार्च की लॉन्चिंग के बाद इनकी कुल संख्या 618 तक जाने की उम्मीद है।

### ये कंपनी का 18 वां लॉन्च

इस लॉन्चिंग पर वनवेब ने कहा कि वो भारत समेत अन्य देशों को कवरेज देने में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे। ये उनका 18वां लॉन्च होगा। इसके 36 उपग्रहों का पहला बैच 23 अक्टूबर 2022 को एलव्हीएम3 रॉकेट के साथ लॉन्च किया गया था। ये लॉन्चिंग भी श्रीहरिकोटा से हुई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक इसरो की वाणिज्यिक शाखा ने वनवेब के साथ 1000 करोड़ से ज्यादा का सौदा किया है। जिसके तहत 72 सैटेलाइट को दो बार में अंतरिक्ष में भेजा जाना है। ये कंपनी के साथ इसरो की दूसरी लॉन्चिंग है।

# दावणगेरे में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक

» प्रधानमंत्री के काफिले के पास पहुंचा शख्स



**हैदराबाद,25 मार्च 2023 (ए)।** कर्नाटक दौरे में गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बेंगलुरु के दावणगेरे में पीएम मोदी के रोडशो के दौरान एक शख्स सुरक्षा घेरा तोड़कर उनके पास आने की कोशिश कर रहा है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स और वीडियो के जरिए इस बात की जानकारी सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक की घटना हुई है। दरअसल, पीएम की रैली से पहले रोड शो का आयोजन किया गया था। इस दौरान एक शख्स को पीएम की तरफ दौड़ लगाते हुए देखा गया। गनीमत रही कि सुरक्षा में लगे जवानों ने फुर्ती दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। सुरक्षा एजेंसियों ने उसे हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

बताया गया कि ये शख्स काफिले में घुसने की कोशिश कर रहा था। तीन महीने के अंदर दूसरी बार पीएम की सुरक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इससे पहले जनवरी में कर्नाटक के हुबली में पीएम मोदी के रोड शो के दौरान एक बच्चा पीएम के करीब आ गया था।

इससे पहले भाजपा नीत सरकार की वापसी की जोरदार पैरवी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राज्य के लोगों से पूर्ण बहुमत देकर स्थायी सरकार बनाने की अपील की। राज्य में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। तेजी से विकास को समय की जरूरत बताते हुए उन्होंने कर्नाटक के लोगों से आग्रह किया कि वे राज्य को जोड़-तोड़ की राजनीति से बाहर निकालने में मदद करें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य को विकसित भारत की प्रेरक शक्ति बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस इसे अपने नेताओं के खजाने को भरने वाले एटीएम के रूप में देखती है।

# विवादास्पद बयान को लेकर मुश्किल में फंसे संजय राउत

» विशेषाधिकार हनन नोटिस पर सांसद का जवाब पाया गया असंतोषजनक

» मामला राज्यसभा को भेजा गया

**मुंबई,25 मार्च 2023 (ए)।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गुट के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि विशेषाधिकार हनन नोटिस पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत का जवाब असंतोषजनक है। इसके बाद यह मामला उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यसभा के सभापति के पास भेज दिया गया। विधान मंडल को 'चोर मंडल' कहने के लिए राउत के खिलाफ पिछले महीने विशेषाधिकार हनन का नोटिस जारी किया गया था।



### उचित कार्रवाई के लिए राज्यसभा को भेजा

विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे ने विधान परिषद में कहा कि संजय राउत ने अपने जवाब में सदन की विशेषाधिकार समिति के गठन, इसकी निष्पक्षता और कामकाज पर सवाल उठाए हैं। राज्यसभा के वरिष्ठ सदस्य होने के नाते उनसे यह अपेक्षा नहीं की जाती कि राउत विशेषाधिकार समिति के कामकाज पर सवाल उठाएं, इसलिए मैं उनके जवाब से पूरी तरह सहमत नहीं हूं। मुझे यह संतोषजनक नहीं लगा। इसी कारण मैं विशेषाधिकार हनन नोटिस को उचित कार्रवाई के लिए राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति को भेज रही हूं।

### राउत का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधानसभा में कहा कि विशेषाधिकार नोटिस पर संजय राउत का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उनके बयान से विशेषाधिकार का हनन हुआ है। नियम के अनुसार, इसे राज्यसभा सचिवालय को भेजा गया है, क्योंकि संजय राउत राज्यसभा के सदस्य हैं। नार्वेकर ने यह भी कहा कि राज्य विधानमंडल और विधानमंडल परिसर में सदस्यों के आचरण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दो सप्ताह में तैयार हो जाएगी।

### शिंदे ने जवाब में क्या लिखा?

अपमानजनक टिप्पणी मामले में ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने उन्हें भेजे गए पत्र का जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि वह राज्यसभा सांसद रहे हैं और विधानसभा के महत्व को जानते हैं। उनका बयान केवल एक विशिष्ट समूह (शिंदे खेमे) के लिए था, सभी विधायकों के लिए नहीं।

### चोर मंडल कहने पर खड़ा हुआ था विवाद

संजय राउत की टिप्पणी पर पिछले महीने उस समय हंगामा खड़ा हो गया था, जब उन्होंने राज्य को विधिमंडल (विधानमंडल) को चोर-मंडलकरार दिया था। सत्तारूढ़ भाजपा और शिवसेना के विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस सौंपा था।

## कर्नाटक चुनावःकांग्रेस ने 124 उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी

**वरुणा से सिद्धारमैया व कनकपुरा से डीके शिवकुमार लड़ेंगे चुनाव**



**नई दिल्ली ,25 मार्च 2023 (ए)।** कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 124 सीटों की सूची जारी की है। वरुणा से सिद्धारमैया और कनकपुरा से डी.के. शिवकुमार चुनाव मैदान में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दो सीटों से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।इनके अलावा एच.के पाटिल, रिजवान अरशद, कनीज फातिमा, यू.टी खादर, एच. नागेश, दिनेश गुंडू राव को भी टिकट दिया गया है।पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 17 मार्च को बैठक की और प्रत्येक सीट पर विचार-विमर्श किया।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने राज्य में किसी गठबंधन की संभावना से इनकार किया है।



## नौकरी के बदले जमीन मामले में सांसद मीसा यादव से ईडी की पूछताछ

**जमीनों का मौजूदा बाजार मूल्य 200 करोड़ रुपये से अधिक**

**नई दिल्ली ,25 मार्च 2023 (ए)।** राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती शनिवार को नौकरी के बदले जमीन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में शामिल हुईं। मीसा पूर्वाह्न करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजधानी में ईडी मुख्यालय पहुंचीं। इस महीने की शुरुआत में जांच एजेंसी ने कहा था कि दिल्ली, मुंबई, पटना और रांची में 24 स्थानों पर छापेमारी के दौरान एक करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, 1,900 डॉलर, 540 ग्राम सोना और 1.5 किलोग्राम सोने के आभूषण और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए थे। केंद्रीय एजेंसी ने लगभग 600 करोड़ रुपये का पता लगाने का भी दावा किया है, जो 350 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों के रूप में अपराध की आय थी और 250 करोड़ रुपये के लेन-देन बेनामीदारों के माध्यम से किए गए थे। जांच एजेंसी ने कहा कि अब तक की गई पीएमएलए जांच से पता चला है कि लालू प्रसाद के परिवार ने रेलवे में नौकरी के एवज में पटना और अन्य क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर कई जमीनें अवैध रूप से अधिग्रहित की थीं।

इन जमीनों का मौजूदा बाजार मूल्य 200 करोड़ रुपये से अधिक है। इन जमीनों के लिए कई बेनामीदारों, शेल संस्थाओं और लाभकारी मालिकों की पहचान की गई है।डी-1088, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली में स्थित एक संपत्ति (स्वतंत्र 4 मंजिला बंगला, एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत, एक कंपनी जिसका स्वामित्व और नियंत्रण तेजस्वी प्रसाद यादव और परिवार के पास है) को एक संपत्ति पर अधिग्रहित दिखाया गया था। ईडी के एक सूत्र ने दावा किया था कि यह संपत्ति मात्र 4 लाख रुपये में खरीदी गई, जिसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 150 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि इस संपत्ति को खरीदने में बड़ी मात्रा में नकदी/पीओसी का इस्तेमाल किया गया था और रत्न और आभूषण क्षेत्र में काम करने वाली मुंबई स्थित कुछ संस्थाओं का इस्तेमाल इस संबंध में अपराध की अवैध आय को चैनल करने के लिए किया गया था।हालांकि, संपत्ति को कागज पर एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालयों के रूप में घोषित किया गया है, लेकिन इसका उपयोग विशेष रूप से तेजस्वी प्रसाद द्वारा आवासीय परिसर के रूप में किया जा रहा है।



## परीक्षण के दौरान तीन मिसाइलें रास्ता भटकी

### 2 खेत में मिलीं; एक की तलाश जारी

**जैसलमेर,25 मार्च 2023 (ए)।**राजस्थान के सीमांत जैसलमेर पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज से सेना के मिसाइल फायरिंग के परीक्षण के दौरान तीन सरफेस टू एयर मिसाईल तकनीकी खराबी के कारण रास्ता भटक गई और लक्ष्य से हटकर अलग अलग स्थानों पर जोरदार धमाके के साथ जा गिरी। इसमें दो मिसाइलें जैसलमेर जिले के नाचना क्षेत्र के अलग अलग इलाकों के खेतों में गिरी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाचना के अजासर व सत्याय गांव के खेतों में जोरदार धमाके के साथ दो मिसाइलें गिरी जहां घटनास्थल पर बड़ा गड्ढा हो गया।

तीसरी मिसाईल का अभी पता नहीं चला पाया है। इस घटना के बाद पुलिस एवं सेना की टीम मौके पर पहुंच गई हैं वहीं तीसरी मिसाइल को ढूंढने में सेना द्वारा तलाशी अभियान शुरु किया गया है।

## पटियाला की सड़कों पर नजर आया अमृतपाल



**पटियाला ,25 मार्च 2023 (ए)।** खालिस्तान समर्थक और भगोड़े अमृतपाल सिंह के पटियाला में होने की खबर सामने आ रही है। हाल ही में वायरल सीसीटीवी फुटेज में पटियाला में रुकने की चर्चा के बाद पटियाला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अभी तक उसके पटियाला में रुकने व पटियाला निवासी महिला द्वारा उसकी मदद करने के बारे में पुलिस विभाग के किसी भी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

## एनआईए की पीएफआई के खिलाफ बड़ी कार्रवाई,दो कार्यालय सील,10 बैंक खातों पर लगाई रोक

**नई दिल्ली ,25 मार्च 2023 (ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि उसने राजस्थान में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के दो कार्यालयों को सील कर दिया है और इसके 10 बैंक खातों पर भी रोक लगा दी है। एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए राजस्थान में पीएफआई नेताओं और कैडरों द्वारा रची गई आपराधिक साजिश की जांच कर रही है, यह देश में विभिन्न समुदायों के बीच कट्टरपंथीकरण के जरिए खाई पैदा करने की कोशिश में शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, प्रतिबंधित संगठन भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी देता रहा है। वह 2047 तक भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने के अंतिम उद्देश्य के साथ आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने के लिए धन जुटाते रहे हैं।

इससे पहले एनआईए ने इस मामले में 13 मार्च को कोटा के मोहम्मद आसिफ उर्फ आसिफ और बारां के सादिक सर्राफ के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। अधिकारी ने कहा कि सितंबर 2022 में दर्ज मामले की जांच के दौरान पता चला कि पीएफआई के जयपुर और कोटा स्थित कार्यालयों का इस्तेमाल आतंकी प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन के लिए किया जा रहा था।




इन प्रशिक्षुओं, ज्यादातर युवा मुस्लिम युवाओं को सिर, गर्दन और छाती सहित शरीर के कमजोर बिंदुओं को निशाना बनाकर हमला करने, और हत्या करने के लिए खतरनाक हथियारों, जैसे चाकू और तलवार के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

अधिकारी ने कहा- इसलिए, जयपुर और कोटा में पीएफआई कार्यालयों को यूए(पी) अधिनियम के प्रावधानों के तहत 'आतंकवाद की आय' के रूप में संलग्न किया गया है। एनआईए द्वारा आज कुर्क की गई संपत्तियों में राजस्थान के जयपुर में मोती डूंगरी रोड, पंजाब नेशनल बैंक के पास हाउस नंबर 256 स्थित पीएफआई कार्यालय और लालजी घाटी लाडपुरा कोटा के मदरसा फुरकानिया में अरकेन बड़ी मस्जिद के पास स्थित पीएफआई कार्यालय शामिल हैं।

## संपादकीय

# अदानी की जांच का नतीजा पता है!

अदानी समूह को लेकर आई हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से जांच कराने की मांग कर रही कांग्रेस पार्टी को पता है कि सुप्रीम कोर्ट की बनाई कमेटी की जांच का क्या नतीजा आना है। अब इस मामले में कानून का कोई जानकार ही बता सकता है कि सुप्रीम कोर्ट की बनाई कमेटी की रिपोर्ट आने से पहले ही उस पर किसी खास तरह से जांच करने और एक खास तरह की रिपोर्ट देने का आरोप लगाना अदालत की अवमानना का मामला बनता है या नहीं लेकिन राजनीतिक रूप से कांग्रेस ने चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की कमेटी पर सवाल उठा कर अपना नुकसान किया है। कम से कम पार्टी को जांच की रिपोर्ट आने तक इंतजार करना चाहिए था।

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की जांच अदानी केंद्रित होगी और केंद्र सरकार को क्लीन चिट दी जाएगी। उन्होंने पता नहीं किस इनपुट के आधार पर यह बात कही लेकिन ऐसा लग रहा है कि जेपीसी जांच की मांग को न्यायसंगत ठहराने के लिए उन्होंने यह बयान दिया। दूसरा मकसद यह है कि रिपोर्ट आने से पहले ही उसको संदिग्ध बना दिया जाए। लेकिन एक आकलन में उनसे गलती हो गई। अगर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी जांच को अदानी केंद्रित करके केंद्र सरकार को क्लीन चिट देती है तो अदानी का क्या करेगी? क्या सुप्रीम कोर्ट अदानी समूह को दोषी ठहराएगी? अगर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी अदानी की गलती निकालती है, उसे दोषी ठहराती है तो फिर केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से कैसे बचेगी? और क्या उसके बाद केंद्रीय एजेंसियों, सीबीआई और ईडी को कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अदानी की जांच करने की मजबूरी नहीं हो जाएगी? अगर ऐसा होता है तो क्या यह विपक्ष की बड़ी जीत नहीं होगी और क्या चुनाव में इसका मुद्दा नहीं बनेगा?

# नन्हे बच्चों को कुपोषण तथा भुखमरी से बचाने की हमारी कवायत कितनी सार्थक

बच्चे देश के भविष्य होते है। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगा भारत में बच्चों के भुखमरी तथा कुपोषण एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं यह देश की एक प्रमुख समस्या भी है। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है। देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता है। मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है। विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16 लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए । जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगाद्य पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैं। महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई है। कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34 प्रतिशत कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता हैद्य 21 प्रतिशत बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है।



ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगीद्य वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे हैद्य इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है,दिल्ली में ही 2 लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70 लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19 लाख बच्चे, तमिलनाडु में 1,80 लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है। वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा ,अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं

देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

## तजिकरा

अब न हो ग़मज़दा
लम्हों पे तज़्किरा कोई।
रहने दे पर्दादारी न हो ज़ाहिरा कोई।
नींद आंखों में उतरने दे ख़्वाब सजने दे
तेरे ज़ानिब है साथ अब तो साहिरा कोई।
है हवाओं में खनक आज घुंघरुओं तरह
लब तबस्सुम से सजाओ है सायरा कोई।
हो गई संदली फिज़ायें जल उठे हैं चराग़,
हो गया जैसे आज दिल ये,ताहिरा कोई।
इस तरह हो गया बेखोफ सरापा रौशन,
मिल गया जैसे जिंदगी को माहिरा कोई।
है करम उनका,जो बस,
एक नज़र मिलते ही,
बूंद स्वाती की हुई जैसे नादिरा कोई।



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

## लापता

हम इश्क़ में हुए
जो ओर-छोर लापता
हैं हयात से मायूसियों के
दौर लापता
लब-ए-बाम कोई
शख़्स रहा आसमान सा
वो गया तो
ज़िन्दगी का सिरमौर लापता
दिल से दिल का
राब्ता रहा बहुत मगर
दिल से दिल को
बांधे वो डोर लापता
आज-कल इंसानों में
इंसानियत मरहूम
लहज़े में तरबियत के
सारे तौर लापता
मेरे मन में देवता सी
मैं क़ैद इक तरफ
अपनी तलाश में ही
दूजी ओर लापता
छान मारे घर के
सारे कोने हमने गीत
जो पुरसुकूं लगे,रहा वो ठौर लापता



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## न रुठो बेवजह

न रुठों बेवजह,
थोड़ी सी जहमत कर लो।
जाने कल क्या हो,
के आओ मौहब्बत कर लो।
ये भी एक रास्ता है,
अपने खुदा को पाने का,
एक ही बात है,
प्यार करो के इबादत कर लो।
हम बँटे है सूबों में,
फिर भी हम एक तो है,
रहो एक छत के नीचे,
चाहे शिकायत कर लो।
यूँ घुट घुट के तुम
कब तक जीयोगे दोस्तों,
सूरज से आँख मिलाओ
थोड़ी हिम्मत कर लो।
स्वर्ग और नरक
सब कुछ यही है सागर
बुजुर्गों की सेवा करो
जमीं को जन्नत कर लो।



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

# प.बंगाल : ये कैसी 'ममता'

ऋषि अरविंद घोष ने कहा था, 'हमारा वास्तविक शत्रु कोई बाहरी ताकत नहीं है, बल्कि हमारी खुद की कमजोरियों का रोना, हमारी कायरता, हमारा स्वार्थ, हमारा पाखंड, हमारा पूर्वाग्रह है।'

बंगाल में जन्मे इस प्रखर राष्ट्रवादी सपूत ने यह बात तब कही थी, जब भारत परतंत्र था और इसका मकसद था स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए लोगों को जगाना। आजादी के अमृत काल में ये बातें आज बंगाल के संदर्भ में बहुत कुछ लागू हो रही हैं, जहां अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए विरोधियों की हत्या से लेकर दूसरों का हक छीनकर अपने कैडर तंत्र को मजबूत रखने की लपलपाती आकांक्षा दिख रही है।

हाल में ऋषि अरविंद की 150वीं जन्म वार्षिकी को लेकर कोलकाता के अलीपुर बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में सीएम ममता बनर्जी आमंत्रित थीं। मंच पर हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रत तालुकदार भी थे। अपने भाषण में बंगाल की दीदी ने जो बातें कहीं, उनकी किसी ने उम्मीद न की थी। उनकी वाणी में करु णा थी क्योंकि हाल में कोर्ट के आदेश से जलपाईगुड़ी में नौकरी गंवाने वाले ग्रुप सी के दो कर्मचारियों ने खुदकुशी कर ली थी। ममता ने मासूमियत से कहा कि मुख्य न्यायाधीश से तो बात नहीं हुई पर यहां मौजूद सुब्रत (तालुकदार) दा से मेरी अपील है कि अदालत मानवीय रुख दिखाए। फिर उन्होंने नाम लिए बिना माकपा नेता एवं कोलकाता के पूर्व मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य की ओर इंगित कर कहा कि लोग नौकरी दे नहीं सकते पर दूसरों की नौकरी खाने में दिन-रात लगे रहते हैं। मालूम हो कि विकास रंजन ने कई जनहित याचिकाएं दायर की हैं, और नौकरी से वंचित किए गए प्रतिभाशाली व योग्य शिक्षक और गैर-शिक्षक अभ्यर्थियों के कई मामले लड़ रहे हैं।

सीएम ने कहा कि वाम मोर्चा के शासन की 'फर्जी' नियुक्तियों को तो उनकी सरकार ने रद्द नहीं किया? सवाल यह है कि अगर वाम शासन में फर्जी नियुक्तियां हुई थीं, तो उसकी जांच करवाना उनका राज धर्म था। दीदी इतनी उत्तेजित थीं कि उन्होंने यह भी कह डाला कि आप चाहें तो मुझे मारें, पीटें लेकिन किसी की नौकरी न लें। सोचिए, कल को अगर लालू प्रसाद यादव कहें कि जमीन के बदले नौकरी मामले में मुझ पर या मेरे परिवार पर रहम किया जाए क्योंकि मेरी किडनी बदली गई है, तो क्या यह गुहार जांच एजेंसी या किसी अदालत को मान्य होगी? पिछले साल शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में दीदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के इस 'कथन' को उद्धृत किया था कि भूल करना हमारा अधिकार है। वे कई सभाओं में कह चुकी हैं कि कुछ लोगों ने भूल की है पर उन्हें सुधार का मौका देना चहिए। पर, आज बंगाल की जनता भी कह रही है कि हमने आपको तीसरी बार चुना, आप हमें सुशासन दें। भूल वाली सफाई के साथ-साथ ममता ने मंत्रिमंडल की बैठक कर नौकरी गंवाने वालों के लिए खाली पद सृजित करने का फैसला किया।

मामला जब हाई कोर्ट के जज अभिजित गांगुली की कोर्ट में गया तो उन्होंने बिफर कर तृणमूल की मान्यता रद्द करवाने के लिए चुनाव आयोग से आग्रह करने तक की बात कही। कलकत्ता हाई कोर्ट के कई जजों व खंडपीठ ने सबसे पहले इस साल जनवरी में 183 प्राथमिक शिक्षकों की सेवा रद्द कीं। हालांकि सीबीआई के मुताबिक अवैध भर्तियों की संख्या 952 है। फिर 11 फरवरी को सरकारी स्कूलों में 1,911 ग्रुप डी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गई। ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए 2016 में हुई भर्ती परीक्षा के लिए उनकी ओएमआर शीट में हेराफेरी सामने आई। जिन्हें 1 नंबर मिले थे, उनके 51 नंबर कर दिए गए और जिन्हें जीरो मिला था, उनके अंक 50 हो गए। 10 मार्च को हाई कोर्ट ने 842 ग्रुप सी कर्मचारियों पर गाज गिराई। इससे खुलासा हुआ है कि बड़े पैमाने पर सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध रखने वाले लोगों को नौकरियां मिली हैं।

इसमें सालबोनी के विधायक श्रीकांत महतो के भाई, मंदिरबाजार सीट से विधायक जॉयद हलदर के बेटे, दक्षिण 24 परगना में डायमंड हार्बर नगर पालिका के पार्टी पाषर्द अमित साहा , बागदा के तृणमूल के पूर्व विधायक दुलाल बर की बेटी जैसे दर्जनों लोगों के नाम हैं। हालांकि अब दुलाल भाजपा की 'वाशिंग मशीन' में धुलकर गेरु आ चोला पहन चुके हैं। अब तक हाई कोर्ट ने अवैध तरीकों से सरकारी स्कूलों के 3,623 लोगों की नियुक्तियां रद्द की हैं। ममता महसूस करें कि वे बंगाल के 9 करोड़ लोगों की मुख्यमंत्री हैं। अपनी पार्टी के कैडरों की नहीं। इसमें कोई शक नहीं कि बंगाल में भ्रष्टाचार संस्थागत रूप ले चुका है। पूर्व शिक्षा मंत्री से लेकर स्कूल सर्विस कमीशन के एक दर्जन से ज्यादा लोग सलाखों के पीछे हैं। चाहिए था कि ममता दोषियों को बचाने की कोशिश के बदले न्यायिक प्रक्रिया से सहयोग कर तृणमूल और अपनी सरकार की गंदगी साफ करतीं। वे बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का ध्यान रखतीं। ऐसा करने पर हम फिर वही ममता देखते, जिसने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर 34 साल की वाम मोर्चा सरकार को उखाड़ फेंका था।

**बिमल राय**

# भारतीय बैंक बेअसर : अमेरिकी वित्तीय क्षेत्र में हलचल

अमेरिकी वित्तीय क्षेत्र में बैंकों पर भारी संकट आ गया है। अभी तक दो बैंक (सिलिकॉन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक) बंद हो चुके हैं, और 6 अन्य छोटे आकार के बैंकों (फर्स्ट रिपब्लिक बैंक, वेस्टर्न अलायंस बैंक, पैकवेस्ट, यूएमबी फायनेंशियल सहित) पर गंभीर संकट है।

इन बैंकों में रोकड़ एवं तरलता की समस्या पैदा हो गई है। इनके पास जमाकर्ताओं को भुगतान करने के लिए पर्याप्त राशि नहीं है। इन बैंकों के शेयरों की कीमत 14-30 प्रतिशत के बीच गिर चुकी है।

एक आकलन के अनुसार अमेरिका के 160 बड़े बैंकों (जिनके पास 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि की आश्वस्तियां हैं) को 20,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। अमेरिका की रेटिंग संस्थाओं स्टैंर्डड एंड पूअर्स एवं फिच ने कुछ बैंकों की रेटिंग घटाकर जंक श्रेणी में डाल दी है क्योंकि ये बैंक जमाकर्ताओं की राशि वापस करने की स्थिति में नहीं हैं। अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों को भी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इनके अमेरिकी बॉन्ड्स में निवेश की बाजार कीमत कम हो गई है। सिटी बैंक समूह को 4,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर, बैंक ऑफ अमेरिका को 2,120 करोड़ अमेरिकी डॉलर, जेपी मोर्गन चेज को 1,730 करोड़ अमेरिकी डॉलर, टरूइस्ट फायनेंसिशल को 1,360 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वेल्ज फार्गो को 1,340 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं यूएस बैंक कॉर्प को 1,140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। ये सभी बड़े बैंक हैं। इसलिए नुकसान को सहन कर जाएंगे परंतु छोटे बैंक तो विफल ही हो जाने वाले हैं।

दरअसल, अमेरिकी बैंकों में समस्या वहां के केंद्रीय बैंक यूएस फेड रिजर्व द्वारा लगातार यूएस फेड रेट में की जा रही वृद्धि के चलते पैदा हुई है। अमेरिका में सभी बैंकों ने अमेरिकी बॉन्ड्स में भारी निवेश किया हुआ है। पहले चूंकि अमेरिका में ब्याज दरें कम थीं, इसलिए इन बॉन्ड्स पर कूपन रेट (ब्याज दर) भी कम था और समय के साथ जैसे-जैसे अमेरिका में ब्याज दरों का बढ़ना शुरू हुआ, नये बॉन्ड्स बढ़ी हुई ब्याज दरों पर जारी किए जाने लगे। इसके कारण पुराने बॉन्ड्स की बाजार कीमत कम होती चली गई क्योंकि इन बॉन्ड्स पर कम ब्याज दर लागू थीं। इन बॉन्ड्स की बाजार कीमत इतनी कम होती गई कि वह इन बॉन्ड्स में निवेशित राशि से भी कम रह गई। अतः इन बैंकों को इन पुराने बॉन्ड्स पर भारी नुकसान हुआ है। इन बॉन्ड्स को आज में बाजार में बेचने पर इन बैंकों को अपने निवेश की राशि भी नहीं मिल पा रही है। इस प्रकार ये बैंक जमाकर्ताओं को राशि का भुगतान करने में असफल हो रहे हैं। अमेरिका के साथ ही अन्य कई विकसित देशों ने भी मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लगातार ब्याज दरों में वृद्धि की है। अतः यूरोपीयन देशों में भी बैंकों में इसी प्रकार की समस्या आ सकती है। क्रेडिट स्विस निवेश बैंक में तो यह समस्या दृष्टिगोचर भी है। इस बैंक के शेयर की कीमत पूंजी बाजार में 98 प्रतिशत तक गिर गई है। दरअसल, विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा मुद्रास्फीति जो कोविड महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के चलते उत्पादों की आपूर्ति में आई कमी के कारण उत्पन्न हुई थी, को उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से, ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा था। यह अपने आप में सही निर्णय नहीं कहा जा सकता क्योंकि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने के स्थान पर उत्पादों की मांग कम करने के प्रयास किए जा रहे थे, जो नकारात्मक निर्णय कहा जा सकता है। इसके चलते कई संस्थानों को तो कर्मचारियों की छंटनी भी करनी पड़ी है, और विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के इस निर्णय ने इनके बैंकों के लिए भी गंभीर वित्तीय संकट खड़ा कर दिया है।

प्रश्न है कि अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों के बैंकों के सामने आए इस वित्तीय संकट का प्रभाव क्या भारतीय बैंकों पर भी पड़ेगा। इसके उत्तर में स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारत में चूंकि केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्व में ही कई निर्णय लिए हैं, जिसके चलते भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ हो गई है।

**प्रह्लाद सबनानी**

# उफ! यह मानसिक प्रदूषण

मनुष्य परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ कृति है। मनुष्य परमात्मा का ही रूप है। हिंदू धर्म के मुताबिक जितने भी अवतार धरती पर अवतरित हुए हैं वे सभी मनुष्य की ही आकृति लिए हुए थे। जब मनुष्य पैदा होता है तो वह सच्चा, भोला भाला, इमानदार, सब से प्रेम करने वाला, सर्व हितकारी, मृदुभाषी, मुस्कुराते हुए चेहरे वाला, संतोषी तथा संयमी होता है। परमात्मा ने सारे ब्रह्मांड में केवल मनुष्य को ही बुद्धि दे रखी है कि वह सच और झूठ, पाप और पुण्य, गलत और ठीक, नैतिक तथा अनैतिक कर्म में भेद कर सके तथा अपनी भूल सुधार कर के लोक परलोक को सुधार सके। परंतु इन खूबियों के बावजूद भी मनुष्य के दिमाग में आज जो मानसिक प्रदूषण बढ़ने लगा है उसने पर्यावरण के प्रदूषण को भी पछाड़ दिया है। अगर सावधानीपूर्वक के मनुष्य दिमाग का परीक्षण किया जाए तो उसके बढ़ते मानसिक प्रदूषण देखकर इस सृष्टि के रचयिता, परमात्मा को भी आश्चर्य ही नहीं बल्कि दुख और खेद भी होगा। बिना किसी अपवाद के आज का मनुष्य काम, क्रोध, लोभ,मोह तथा अहंकार का दास बना हुआ है। मनुष्य के मन पर कामवासना इतनी हावी हो गई है कि शास्त्रों में लिखी यह बात सही लगती है कि जब तक मनुष्य की आंख की पुतली में सफेदी रहेगी तब तक उसमें कामवासना भी विद्यमान रहेगी। हमारे देश में अचानक गैंगरेप/ बलात्कार की वारदातों में बाढ़ आ गई लगती है। कोई ही दिन बीतता होगा जबकि दो या तीन बलात्कार की घटना की सूचना समाचार पत्र या टीवी चैनल से पता ना चलती हो। 80-85 साल की बुजुर्ग महिलाओं तथा चार-पांच साल की नासमझ गुड़ियाओं के साथ बलात्कार होने के कारण मानवता शर्मिंदा ना होती होगी क्या ? इतना ही नहीं गैंगरेप के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। पिता पुत्री या बहू के साथ, अध्यापक अपनी सहकर्मी अध्यापिका या फिर छात्रा के साथ, ऑफिसर अपनी अधीनस्थ कर्मचारी के साथ, डॉक्टर अपने मरीज के साथ, पुलिसवाला महिला कैदी के साथ बलात्कार कर रहा है। बलात्कार/ गैंगरेप को लेकर मनुष्य के मन में जो कूड़ा करकट भरा हुआ है उसे देख कर उसे मनुष्य की श्रेणी के बदले में राक्षस की श्रेणी में रखना ज्यादा ठीक होगा।

दूसरी बात जिसे लेकर मनुष्य के मानसिक प्रदूषण की चर्चा की जा सकती है वह है भ्रष्टाचार। कहने को तो हर आदमी अपने आपको आज राजा हरिश्चंद्र समझता और कहता है। लेकिन बगुले भगत की तरह जिसका भी दांव लगता है वह दूसरे पर हाथ साफ किए बिना नहीं रहता। सरकारी तथा गैर सरकारी सभी स्तरों पर रिश्वतखोरी का कैंसर आदमी के मन को खोखला करता जा रहा है। आज रक्षक ही भक्षक बना हुआ है। किसी पर विश्वास नहीं किया जा सकता। एक से बढ़कर एक बेईमान है। आजकल अगर कोई ईमानदारी, सच्चाई, कठिन परिश्रम, परहित, कर्तव्य परायणता की बात करता है तो उसे बेवकूफ तथा पागल कहा जाता है। सभी जगह.. खाओ और खाने दो.. का नियम लागू हो रहा है। पैसा कमाने के लिए खाने पीने की चीजों में मिलावट होती है, नकली दवाइयां बनती हैं, सड़कें, पुल, बांध तथा भवन निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल होती है। सभी को इस बात का पता होता है लेकिन किसी की हिम्मत इसके खिलाफ शिकायत करने अथवा कार्रवाई करने की जुर्रत नहीं होती । आज लोगों में संयम, सूझबूझ या फिर दूरदर्शिता की भी कमी है। लोग मादक पदार्थों जैसे शराब, अफीम, गांजा, ब्राउन शुगर, कोकीन अथवा हैरोइन आदि का खूब प्रयोग करते हैं। छोटी-छोटी बात पर आपस में झगड़ पड़ते हैं, मामला निपटाने के लिए हिंसक तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। झूठ, कपट, धोखा, फरेब, दोगलापन आदि आम बातें हो गई हैं। जिस भारत देश को साधु, संतो, पीरों, फकीरों का देश कहकर गर्व किया जाता था वही भगवाधारी लोगों को बेवकूफ बनाकर लूट रहे हैं, ऐश्वर्या पूर्ण जीवन का यापन करते हैं, धन-संपत्ति के ढेर पर कुंडली मारकर बैठे हैं और माया तथा कामवासना के जाल में फंसे हुए हैं। ऐसे लोगों का मानसिक प्रदूषण परमात्मा के नाम को भी बट्टा लगाने वाला है। कहा जाता है कि अगर ईमानदारी तथा समर्पित भावना को ध्यान में रखा जाए तो घर ही स्वर्ग होता है। लोग आज इस.. स्वर्ग.. के वासी ही एक दूसरे को धोखा दे रहे हैं, झूठ बोल रहे हैं, एक दूसरे से बातें छुपा रहे हैं, पर पुरुष, पर स्त्री गमन कर रहे हैं, एक दूसरे के प्रति अपने कर्तव्य से भाग रहे हैं, बूढ़े मां बाप की अवमानना, अपमान तथा तिरस्कार कर उनकी संपत्ति पर कब्जा करके उन्हें अनादर के साथ वृद्ध आश्रम में धकेल रहे हैं। आज कोई किसी के प्रति वफादार नहीं! मालिक और नौकर, मित्र, पति, पत्नी, शासक, प्रजा, पड़ोसी ... पड़ोसी, भाई.. भाई, भाई बहन, आदि का आपस में विश्वास खत्म होता जा रहा है! कौन किसको कब धोखा दे दे, कुछ नहीं कहा जा सकता! आज मनुष्य में इतना मानसिक प्रदूषण बढ़ गया है कि उसे दिन का चैन नहीं, रात की नींद नहीं, भय, व्याकुलता, क्रोध, अनिश्चितता, संशय, बेचैनी, तनाव, अनिद्रा आदि उसके जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। मनुष्य को इस स्थिति में देखकर तर्स आता है। परमात्मा ने हमें क्या बनाया था और हमने अपने आपको क्या बना दिया है। मानसिक प्रदूषण हमारे स्वभाव का एक अभिन्न भाग बन गया है। हम इससे छुटकारा भी पाना चाहे तो नहीं पा सकते। यह हमारे अकेले की समस्या नहीं है , यह सारे समाज, सारे देश तथा सारे संसार की समस्या है। जीवन में शुचिता लाने के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्म शुद्धि तथा आत्म संयम की आवश्यकता है।



**शामलाल कौशल**
ग्रीन रोड रोहतक
हरियाणा

## बस यूँ ही

खीचते हो तुम जो लकीरें,
उन लकीरों की
सलवटें कई दिनों तक
नज़र आती हैं ।
औरत के चेहरे पर,
और तुम झूठी जीत का
दम्भ लिए मुस्कराते रहते हो।
वो झुक जाती हैं, क्योंकि
उसने यही सीखा है
माँ से.दादी से.सुख,शांति के लिए
सहर्ष ख़ुशी से समर्पण कर देना।
और तुमयूँ ही इतराते हो,
अपने पुरुषत्व केअहंकार में ।
बस यूँ ही. ....



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा, राजस्थान

## रामराज्य की परिकल्पना

ऋषि मुनियों की पावन इस धरती पर
श्रीराम की रामराज्य कब आयेगा
जिस दिन नदी के एक घाट पर आकर
बाघ और बकरी
एक साथ प्यास बुझायेगा
ऋषि मुनियों की पावन इस धरती पर
कब जन जन गुंडे मवाली से मुक्ति पायेगा
निर्भिक भाव से इस बस्ती में नागरिक
शांति पूर्वक जीवन जी धन्य हो जायेगा
ऋषि मुनियों की पावन इस धरती पर
अपराधी गण कब जेल पहुँच जायेगा
बात बात में असलेह चलाने वाले को
कानून अपना रोद्र रूप कब लवायेगा
ऋषि मुनियों की पावन इस धरती पर
विकास की रथ कब धरा पर आयेगा
हर घर हर जन जन के घर में कब
विकास की परचम कब लहरायेगा
ऋषि मुनियों की पावन इस धरती पर
ज्ञान की बयार कब प्रकृति बहायेगा
पाखंडी मूरख प्राणी से कब तक
मुक्त हो जन जन आराम फरमायेगा



**उदय किशोर साह**
जयपुर बाँका
बिहार

## जसगीत

हो मइया तोर महिमा हावय
अड़बड़ भारी हो माँ।
पति के प्रान बचाये बर मइया,
तैं सावित्री बनके यमराज ल
हरायेस।
हरिश्चंद्र के तारा मइया,
तैं पत्नी धरम के अलख जगायेस।
तैं रामचंद्र के सीता मइया,
तोर अग्नि करिस चिन्हारी
हो मइया....
तैं भागिरथ के गंगा मइया,
जम्मो पापी मन ल तारेस।
सुरुज देव के दुलवरिन बेटी,
तैं दुनिया म जमुना कहायेस।
तोर कोरा म गियान के भंडार मइया,
तैं आवस सरसती महतारी
हो मइया....
पन्ना धाय बनके हो मइया,
तैं अपन बेटा अरपन करेस।
मीराबाई बनके हो मइया,
तैं जहर घलोक पियेस।
लछ्मीबाई बनके हो मइया,
तैं महकायेस आजादी के
फुलवारी...
हो मइया....



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

## माँ काली

अजब रूप माँ कालिका,
दिखती है विकराल।
टूट पड़े गर दैत्य पर,
बन जाती है काल।।
एक हाथ खप्पर धरे,
दूजे में तलवार।
क्रोध सहे ना कालिका,
माने कभी न हार।।
ज्वाला सी क्रोधित सदा,
बिखरे लंबे बाल।
लाल लाल जिभिया रहे,
मइया रूप विशाल।।
सच्चे मन से प्रार्थना,
माता कर स्वीकार।
भक्त खड़े हैं द्वार पर,
करते जय -जयकार।।
मुख निकले आवाज जी,
गूँज उठे संसार।
असुरों का वो रक्त पी,
करती है हुंकार।।
मिलकर देवी देवता,
जोड़े दोनों हाथ।
रौद्र रूप अब शांत हो,
आये भोलेनाथ।।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# मां कुदरगढ़ी एल्युमिनियम रिफाइनरी फैक्ट्री का विरोध जारी,नहीं हो सका सीमांकन

## आखरी सांस तक फैक्ट्री के विरोध में खड़े रहेंगे ग्रामीण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के बतौली ब्लाक के ग्राम पंचायत चिरंगा में प्रस्तावित मां कुदरगढ़ी एलमुनियम रिफाइनरी फैक्ट्री का मसला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। बल्कि इस मामले ने और भी तूल पकड़ लिया है। प्रशासन की समझाइश के बावजूद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए पहाड़ पर डेरा जमा किए है। प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि आखरी सांस तक वे फैक्ट्री के विरोध में खड़े रहेंगे।

लाठी डंडे से लैस हाथ में तीर काम और राष्ट्रीय ध्वज पकड़े इन ग्रामीणों का किसी राजनीतिक दलों से तालुकात नहीं है... और ये ग्रामीण ना ही किसी आंदोलन के लिए धरने पर बैठे हैं.. दरअसल ये ग्रामीण जल जंगल जमीन और अपने गांव को प्रदूषण से बचाने के लिए एक प्रस्तावित फैक्ट्री के खिलाफ पिछ्ले 4 सालों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अंबिकापुर जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर बतौली ब्लाक के ग्राम पंचायत चिरंगा में मां कुदरगढ़ी एलमुनियम रिफाइनरी फैक्ट्री प्रस्तावित है। इस फैक्ट्री की स्थापना लगभग 25 सौ एकड़ में होनी है। लेकिन इस क्षेत्र में निवासरत बड़ी संख्या में ग्रामीण नहीं चाहते कि ग्राम पंचायत चिरंगा में मां कुदरगढ़ी एलमुनियम रिफाइनरी फैक्ट्री की स्थापना हो। ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री की स्थापना के बाद एक तरफ जहां उनके जल जंगल जमीन को उजाड़ा जाएगा जबकि दूसरी ओर आने वाले समय में ग्रामीणों को प्रदूषण का सामना भी करना पड़ेगा जिसका असर ग्रामीणों की सेहत पर पड़ेगा। यही वहज है कि कई ग्राम पंचायत के ग्रामीण बड़ी संख्या में पिछ्ले 4 सालों से ग्राम चिरंगा स्थित पहाड़ पर डंडा से लैस होकर और हाथ में तीर कमान लेकर डेरा जमाए हुए हैं। ताकि फैक्ट्री प्रबंधन उनकी मांद में घुसकर फैक्ट्री की स्थापना न कर सके।





इधर ग्राम चिरंगा में प्रस्तावित फैक्ट्री की स्थापना के लिए अब जमीन सीमांकन की प्रक्रिया शुरू होने के कगार पर है। प्रशासन ने सीमांकन प्रक्रिया को पूरी करने के लिए राजस्व अमले का गठन भी कर दिया। लेकिन जिला प्रशासन के सामने सीमांकन प्रक्रिया को पूरी करना किसी चट्टान को तोडने् के बराबर है। प्रस्तावित फैक्ट्री के विरोध में मोर्चा खोले ग्रामीणों के तेवर और तैश को देख कर तो लगता नही कि जिला प्रशासन आसानी से सीमांकन प्रक्रिया को पूरी कर पायेगा। शनिवार को सुरक्षा कवच पहनकर कलेक्टर कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता फैक्ट्री के विरोध में पहाड़ पर बैठे ग्रामीणों से मिलने पहुंचे थे। ताकि कुछ बातचीत के जरिए बीच का रास्ता और निकल सके। लेकिन इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को ग्रामीणों के विरोध और कडक़ रवैये का सामना करना पड़ा। काफी देर तक हुई ग्रामीणों से बातचीत के बाद भी कोई हल नहीं निकला। हालांकि इस मामले में कलेक्टर कुंदन कुमार का कहना है कि खुद 90 ग्रामीणों के द्वारा जीमन सीमांकन के लिए आवेदन किया गया है। जबकि प्रस्तावित फैक्ट्री से संबंधित सीमांकन की प्रक्रिया से जिला प्रशासन का कोई लेना देना नहीं है।

# शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव कर रहे हड़ताल

- संवाददाता -
सुरजपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



प्रदेश पंचायत सचिव संघ के द्वारा शासकीयकरण की मांग को लेकर दुर्गा पंडाल में 16 मार्च से से अनिश्चित कालीन हड़ताल में है।मात्र दो वर्ष परीक्षा अवधि के पशचात शासकीयकरण की मांग को लेकर हड़ताल किया जा रहा है।सचिवों के हड़ताल में रहने से पेंसन भुकतान,मनरेगा मजदूरी एवं ग्रामीण विकाश विभाग के समस्त कार्य,जन्म मृत्यु पंजीयन, गोबर खरीदी, कार्य बंद है।शासन के द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का काम बंद है।जिसके कारण आम ग्रामीण जनता को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल में उपस्थित इंद्रपाल तिवारी अध्यक्ष जिला सचिव संघ सूरजपुर,लक्ष्मी पैकरा ब्लॉक अध्यक्ष , सतीश गुर्जर ब्लॉक सचिव, संजय गुर्जर,शांता राजवाड़े, प्रमोद सिंह, पारस कुजूर, सियाराम, विष्णु कुशवाहा,सुरदयाल सिंह, राजन सिंह, रामेश्वर पैकरा, घन श्याम साहू, चमरू राजवाड़े, रामकेश्वर पैकरा, शिवलाल राजवाड़े, अंजना बेग,रवि प्रताप, रामकुमार पाण्डेय, करमचंद यादव, हीरा सिंह, मुकेश जायसवाल, अरुण तिवारी, अमरकंटक जायसवाल, बिहारी लाल गुप्ता, बैकुंठ प्रसाद, बीरबल, देवनाथ सिंह, ।मसुंदर राजवाड़े, सीताराम शामिल है।

# तय तारीख पर नहीं आई बारात तो थाने में कराई शिकायत दर्ज

» आरोप...दहेज में पांच लाख व कार की कर रहे थे मांग,नही देने पर शादी से किया इंकार

- संवाददाता -
सुरजपुर, 25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

निकाह की तारीख भी पक्की व कार्ड भी बंट गए पर नियत तारीख पर दुल्हन पक्ष इंतजार करते रहे कि अब बारात आई कि तब आई,लेकिन दहेज की मांग पर अड़े वर पक्ष ने एन मोके पर शादी से इंकार कर न केवल रिश्ते को तार तार कर दिया बल्कि यह साबित किया कि उन्हें दुल्हन नही दहेज चाहिए था। पीड़ित पक्ष के शकील अंसारी ने इसकी शिकायत रामानुजनगर थाने में दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।बताया गया है कि रामानुजनगर ब्लॉक के ग्राम नारायणपुर के मरहूम समीमुद्दीन कि लड़की नुरुन खातून का निकाह रामकोला क्षेत्र के ग्राम बड़वार के रहने वाले मो फरीद के लड़के गुलाम खालिक से तय हुआ था। थाने में दिए लिखित शिकायत में बताया गया है कि 7 मार्च कों अंजुमन कमेटी के सदर व सदस्यों के समक्ष तय किया गया और इसी दरमियान बारात मे गाड़ी किराया के नाम से पचास हजार नकद ले गए। 14 मार्च कों लड़की के बड़े भाई को फोन कर पांच लाख नगद और एक कार देने कहा गया।इस पर लड़की के भाई ने गाड़ी ओर नगद देने की बात पर कहा कि इतना हमारी हैसियत कहा है जिस पर दूल्हे के परिजनों ने दो टूक कह दिया कि मांग पूरी होने पर ही शादी हो सकेगा।इधर, अंजुमन कमेटी नारायणपुर के सदर सहित दोनो पक्षो के बीच विवाह कि तारीख पक्की हो गई थी जिसमे 16 मार्च कों लग्न 17मार्च माझा, और 18 मार्च बारात लेकर आने की बात थी। लिखा पढ़ी के साथ दोनों पक्ष ने दस्तखत किये थे।परन्तु तय तारीख पर बारात लेकर नही आये जबकि इधर कार्ड आदि बंट जाने से सारे मेहमान पहुचे हुए थे।पर बारात न आने से सारी तैयारी धरी की धरी रह गई और इससे उनका बड़ा आर्थिक नुकसान व सामाजिक प्रतिष्ठा भी धूमिल हुई। उन्होंने इस पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।




# भटगांव विधानसभा क्षेत्र में चुनावी हलचल, भाजपा कार्यकर्ता ने दावेदारी के बांटे पम्पलेट

## कारण बताओ नोटिस जारी

- संवाददाता -
सुरजपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव को अभी छः महीने से अधिक का समय बाकी है पर जिले में चुनावी हलचल लगभग शुरू है। जहाँ पार्टियों में बैठक व रणनीतियों का दौर चल रहा है तो वहीं टिकिट के दावेदार भी अपनी सक्रियता बढ़ाने व दिखाने लगे है।दावेदारों में भी भांति भांति के लोग सामने आ रहे है,जो कभी क्षेत्र में दिखे नही वे भी अपने को क्षेत्र का बड़ा शुभचिंतक बताने लगे है।जिले के भटगांव विधानसभा में ऐसे लोगो की संख्या अचानक बढ़ गई है। यहां दावेदारो के साथ साथ बाहरी भीतरी का मुद्दा भी चर्चाओं का सबब बन रहा है।हाल ही में इसी से जुड़ा एक नया मामला सामने आया है ,जिसमे भाजपा के एक मण्डल पदाधिकारी शीतल गुप्ता दावेदारो में एक कदम आगे की चाल चल रहे है।वे खुद की दावेदारी के लिए बकायदे गांव गांव पम्पलेट पर्चे बांट कर समर्थन देने की मांग करते हुए खुद को योग्य व सुयोग्य उम्मीदवार बता रहे है।पम्पलेट में वे कह रहे है कि क्षेत्र के विकास की धुरी वही है इस बहाने वे कांग्रेस पर कमीशन खोरी आदि का आरोप भी लगा रहे।उनके इस कदम पर भाजपा ने संज्ञान लिया है।उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब देने कहा गया है। जिला महामंत्री राजेश महलवाला व मुरली मनोहर सोनी ने जारी नोटिस में उनके इस कदम को पार्टी की रीति नीति के खिलाफ बताते हुए इसे अनुशासन हीनता भी करार दिया है। कहा गया है कि खुद को वरिष्ठ,जुझारू कार्यकर्ता बता कर टिकिट के लिए समर्थन जुटाना पार्टी के नियमो के खिलाफ है।इस पर उन्हें जिला कार्यालय में आकर जवाब देने कहा गया है।इस सम्बंध में श्री गुप्ता का पक्ष ज्ञात नही हो सका है।


कार्यालय
भारतीय जनता पार्टी, जिला–सूरजपुर

कारण बताओ सूचना



# एनएसयूआई ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

शहर के घड़ी चौक में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव हिमांशु जायसवाल पूर्व प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस एवम पार्षद सतीश बारी के नेतृत्व में केन्द्र में बैठी मोदी सरकार के द्वारा राहुल गांधी जी के खिलाफ़ अलोकतांत्रिक तरीक़े से की गई कार्यवाही के विरोध में नरेंद्र मोदी के पुतला दहन किया गया हिमांशु ने बताया की पहले लोकसभा में पहले उनकी आवाज को दबाई गई उन्हे जनता की आवाज को बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा था और अब उनकी सदस्यता को रद्द कर दिया गया ये लोकतंत्र का काला दिन मोदी सरकार में देखने को मिल रहा है ये डरी सहमी सरकार ने जिस तरह से केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग कर विपक्ष के आवाज को दबाया जा रहा है ।पार्षद सतीश बारी ने कहा की राहुल जी को दोषी करार होने पर इतनी जल्दी क्या थी की उन्हें उच्च अदालत में बात रखने से पहले ही उनकी सदस्यता को रद्द कर दिया गया ये बौखलाई मोदी सरकार को राहुल गांधी से भय हो गया है जो भारत जोड़ो यात्रा में उनकी लोकप्रियता के साथ जनता ने उन्हें अपने तकलीफों से अवगत किया इस डर से ये कार्यवाही हुई है जिसका हम पुरजोर विरोध करते है पुतला दहन में नीरू,सुरेंद्र,गौतम,कृष्णा,प्रिंस, अशिषेल, ऋषभ, अंकित,आयुष, प्रमोद,मुनेश्वर, अखलेश, रंजन शर्मा, ननकु , अनिकेत,अभिनव, साहिल,आशीष तिग्गा,नरेश माझी,आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# मातृछाया में पल रहे उदय को इटली के दंपति ने लिया गोद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



इटली के एक दंपति ने अंबिकापुर सेवा भारती मातृछाया में पल रहे मासूम उदय को अपनाया है। उदय का आज से नए भाग्य का उदय हो गया। अब इसकी आगे की पालन पोषण इटली में होगी। सारी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद दंपति को गोदभराई का कार्यक्रम कराया गया। इस दौरान संस्था के अलावा कई लोग शामिल रहे।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने विदेशी दंपति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि परमात्मा सबके भाग्य को लिखता है आज बालक उदय का भाग्य उदय हो कर अच्छे परिवार में इटली जा रहा है। इसके पूर्व संस्था से 72 बच्चे गोद में दिए जा चुके हैं। जिसमें 9 बच्चे विदेश गए हैं। यूएसए 3, इटली 4, स्पेन 1 व माल्टा के दंपति ने 1 बच्चे को गोद लिया जा चुका है। सेवा भारती मातृछाया के संरक्षक आईबी तिवारी ने इटली दम्पति के शब्दों को ट्रांसलेट कर सभी को अवगत कराया, उपस्थित मुख्य अतिथि अजय गुप्ता, निवास केडिया, संस्था के उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल , सचिव वीरेंद्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सतपाल अरोरा, ओमप्रकाश केडिया, सरिता भाटिया, रश्मि गुप्ता, सुरेंद्र अग्रवाल कन्या छात्रावास की अध्यक्षा ज्योति द्विवेदी, सचिव मधु शर्मा, कोषाध्यक्ष, प्रगति गुप्ता, नगर सह संघचालक अभय पालोरकर, विभाग कारवा गोरांगो, लीला बंसल एवं सदस्य अलका मिश्रा, रितु सिंह एवं समस्त कर्मचारी केयर टेकर छात्रावास अधीक्षक शामिल रहे।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के आह्वान एव जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के निर्देश पर भाजयुमो सरगुजा द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पूतला दहन अम्बिकापुर के संगम चौक में किया गया।

राहुल गांधी द्वारा समाज विशेष की मानहानि की गयी ही। मानहानि केस में दोषी पाए जाने पर उन्हें 2 साल की सज़ा हुई, और संविधान के नियमों के तहत उसकी संसद सदस्यता रद्द हुई। जिससे भौखला कर कांग्रेसियों ने लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए भाजपा कार्यालय पर हिंसक हमला किया। भाजयुमो कार्यकर्ता से मारपीट की, तोड़फोड़ की और पोस्टरों पर कालिख फेंकी।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं के सम्मान में अपना बचाव करते हुए कांग्रेसियों के इस कृत्य का मुखर विरोध कर निंदा पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन के दौरान छत्तीसगढ़ पुलिस से झूमा झपटी हुई साथ ही पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर अग्निशामक से आग बुझाने का प्रयास किया गया जिसे कार्यकर्ताओं के ऊपर केमिकल छिड़काव होगया।जिसका उग्र विरोध भारतीय जनता युवा मोर्चो के द्वारा किया गया।



प्रदेश महामंत्री अंकित जयसवाल ने कहा कि लोकतंत्र की धजिया उड़ते हुए कांग्रेसियों ने अपने सारी हदें पार करते हुए भाजयुमो कार्यकर्ता पर हमला किया जाना बहुत ही गलत है ये कांग्रेस का असली चाल चरित्र दिखाता है।

जिला महामंत्री संजीव वर्मा ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता ईट का जवाब पत्थर से देने को तैयार है इस प्रकार का कृत बहुत ही शर्मनाक है जिसकी भारतीय जनता पाट्री के साथ युवा मोर्चो पुरजोर विरोध करती है। जिला महामंत्री युवा मोर्चो सरगुजा अंशुल श्रीवास्तव ने कहा कि अपने ही बनाए सविधान पर भरोसा न करते हुए उत्तेजित होकर कानून को अपने हाथ में लेकर भज्युमो कार्यकर्ता से मार पीट करना इनपर हमला करना और मुख्यमंत्री के इसरे में पुलिस द्वारा गंदी राजनीति करते हुए उन ऊपर अपराध दर्ज नहीं करना बहुत ही दुर्भाग्यजंक है जिसके विरोध में आज हमने पुतला दहन किया है।जिला उपाध्यक्ष रोचक गुप्ता ने कहा की कांग्रेस पार्टी व उनके नेता लोकतंत्र को नहीं मानने वाले लोग है जिसे विधि संविधान किसी से कुछ मतलब नहीं है। पुतला दहन के दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रिंकू वर्मा, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अभिषेक प्रताप सिंह अमोघ कश्यप,रविकातं उरांव,अनिरुद्ध मिश्रा,मनीष दुबे,निशांत गुप्ता,सौरभ सिंह,मार्कण्डेय तिवारी,शानू कष्यप ,विकाश शुक्ला चन्दन, वीर सोनी,गोलू यादव,दिव्यांशु केशरी,नितिन गुप्ता,हर्ष जायसवाल,हर्षवर्धन पांडेय, अनुराग शुक्ला, दिव्यांपु केषरी, श्रीधर केषरी,धीरज सिंह,अभिनन्दन सिंह, विवेक सिंह सिकरवार, दिग्विजय सिंह, वेदांत तिवारी युवा मोर्चो मण्डल अध्यक्ष निषांत सिंह सोलु,दीपक यादव,रवि सोनी, हैप्पी सिंह, मोटीं यादव,रजनीष सिंह,अभिजीत पाण्डेय,विकास गुप्ता,प्रियांशु गुप्ता,राहुल दुबे, रोनी मिश्रा,आकाश सोनी,राहुल जयसवाल, हसरत यादव,आकाश चौबे,राहुल सिंह आदि उपस्थित थें।

# पंचायत सचिवों के हड़ताल का आज 10वां दिन

- संवाददाता -
सुरजपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

आपनी लंबीत मांगो को पुरा नही होने के कारण पंचायत सचिवों के द्वारा काम बंद कलम बंद हड़ताल के कारण अब पंचायतों मे होने वाले कार्य प्रभावित होने लगा है वित्तिय माह होने के कारण कई प्रकार के अधुरे निमार्ण के मूल्यांकन सहित लंबित बिल भुगतान किया जाना होता हैं ताकि शासकीय मद का उपयोग किया जा सके सचिवो हड़ताल मे जाने के कारण पुरे तहर से बंद हो गया हैं अभी कई परीक्षाओं को अनालाइन परीक्षा फार्म भरा जा रहा है जिसमे पंचायत सचिव सहित सरपंच आदि का हस्ताक्षयर युक्त प्रमाण पत्र की आवष्यकता होती हैं इस प्रकार के काई कार्य बंद हो गया हैं जिस कारण कई छात्रों प्रतियोगिता परीक्षाओ के फार्म भरने से वंचित हो गये हैं।


प्रभावित हुआ पंचायतीय कार्य

किन्तु जहॉ एक ओर तो सचिव आपने कार्य को न करते हुए काम बंद कलम बंद अंदोलन मे होने आष्वासन देते है किन्तु सुत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्ररोक्ष रूप् से विभाग द्वारा आदेष या दबाव बनाकर सचिवों से विभागीय कार्य कराया जा रहा हैं क्योकि अभी क्षेत्र मे कई षासकीय योजनाओं का लोकापर्ण हो रहा है वहॉ पर प्ररोक्ष रूप् से सचिवों के कार्य पूर्ण करते देखा जा सकता हैं ।

# पंजाब में चार बुजुर्गों की मौत का सबब बना 'मुफ्त का आटा',इमरान की पार्टी बोली-यह आज का पाकिस्तान

**इस्लामाबाद,25मार्च 2023।** पाकिस्तान में आए दिन आर्थिक स्थिति बिगड़ती ही जा रही है। महंगाई इस कदर बढ़ गई है कि भुखमरी की नौबत आ गई है। कहा जा रहा है कि लगभह आधे पाकिस्तानी परिवारों को दो जून की रोटी भी नहीं मिल पा रही है। देश में आटे की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसे देखते हुए सरकार ने सरकारी वितरण केंद्रों पर मुफ्त आटा देने की योजना शुरू की है। इस बीच, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब प्रांत में पिछले कुछ दिनों में सरकारी वितरण केंद्रों से मुफ्त आटा लेने की कोशिश के दौरान कम से कम चार बुजुर्गों की मौत हुई है। देश के पूर्व पीएम की पार्टी पीटीआई ने इसकी आलोचना की है।

### यहां हुई मौतें

पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, आसमान छूती महंगाई को मात देने के लिए विशेष रूप से पंजाब प्रांत में गरीबों के लिए एक मुफ्त आटा योजना शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों पर लोगों की भारी भीड़ के कारण बीते कुछ दिनों में कई लोगों की मौत हुई है। इनमें मुल्तान, मुजफ्फरगढ़ और फैसलाबाद शहरों के केंद्र शामिल हैं। जहां पिछले कुछ दिनों में मुफ्त गेहूं का आटा लेने के प्रयास में चार बुजुर्गों की मौत हो गई और कई बेहोश हो गए।

### इस वजह से हुईं मौतें

पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि मुफ्त आटा वितरण के लिए बनाए गए केंद्रों पर लोगों की भारी भीड़ और सुविधाओं की कमी के कारण ये घटनाएं हुई हैं। उन्होंने बताया कि जिन चार बुजुर्गों की मौत हुई है उनमें से दो की मौत भगदड़ के कारण हुई और अन्य दो घंटों तक लाइन में खड़े रहने के कारण थक कर मर गए। वहीं, यह भी सामने आया है कि पुलिस मुफ्त आटा मांग रहे लोगों को कतार में खड़ा करने के लिए उन पर लाठीचार्ज भी कर देती है।



### इमरान खान की पार्टी ने की इसकी आलोचना

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने इन मौतों और इस योजना की निंदा की है। पीटीआई पंजाब की अध्यक्ष डॉक्टर यास्मीन राशिद ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि यह आज का पाकिस्तान है जहां लोग मुफ्त का आटा पाने के लिए अपनी जान गंवा रहे हैं।

शहबाज शरीफ कर रहे मुफ्त आटा वितरण केंद्रों का दौरा

वहीं, मुफ्त आटा वितरण केंद्रों पर घोर कुप्रबंधन का पीएम शहबाज शरीफ ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने इस बाबत प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इन केंद्रों का दौरा करना शुरू कर दिया है। आज यानी शनिवार को उन्होंने सरगोधा शहर का दौरा किया और फ्री आटा वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बांटे जाने वाले आटे की थैलियों की गुणवत्ता और वजन की जांच की और लोगों से बात की। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन को आटा वितरण केन्द्रों पर खासतौर से बुजुर्गों को सुविधा प्रदान करने के भी निर्देश दिये।

# अमेरिकियों का टूटता जा रहा है बेहतर जिंदगी का भरोसा,भविष्य को लेकर निराश



**वॉशिंगटन,25 मार्च 2023।** अमेरिका-वासियों में अगली पीढ़ी के लिए बेहतर जिंदगी का भरोसा तेजी से घट रहा है। बड़ी संख्या में लोगों ने राय जताई है कि उनके बच्चों का जीवन आज की तुलना में बेहतर नहीं हो पाएगा। यह बात अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल में छपी एक सर्वे रिपोर्ट से सामने आई है। इस अखबार के लिए ये सर्वे एनओआरसी नाम की एजेंसी ने किया है। विश्लेषकों के मुताबिक लोगों में घटे भरोसे का मुख्य कारण कॉलेज डिग्री के मूल्य और खुशहाली के स्तर को लेकर गहराता जा रहा संदेह है।

एनओआरसी एजेंसी शिकागो यूनिवर्सिटी से जुड़ी हुई है। यह सामाजिक नजरियों के बारे में सर्वेक्षण करती है। उसके ताजा सर्वे से सामने आया है कि भविष्य को लेकर अमेरिका वासियों में निराशा घर करती जा रही है। सर्वे के दौरान 80 फीसदी लोगों ने कहा कि अर्थव्यवस्था की सेहत ठीक नहीं है। लगभग 50 फीसदी लोगों ने आशंका जताई कि अगले हालत और बिगड़ेगी।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने कहा है कि यह सर्वे सिलिकॉन वैली बैंक के फेल होने से पहले एक से 13 मार्च के बीच किया गया। सिलिकॉन वैली बैंक के फेल होन के बाद अमेरिका में बैंकिंग संकट गहराता जा रहा है। इससे मंदी के और भी गंभीर रूप लेने की आशंका पैदा हो गई है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक अगर आज के माहौल में सामाजिक नजरिया संबंधी सर्वेक्षण किया जाए, तो संभव है कि उससे और भी अधिक निराशाजनक नतीजे सामने आएं।

सर्वे के दौरान 40 फीसदी लोगों ने इलाज और आवास पर बढ़ रहे खर्च को अपनी एक बड़ी चिंता बताया। दो तिहाई लोगों ने कहा कि महंगाई सबसे बड़ी चिंता बन गई है। टेक्सास राज्य के एक अस्पताल की कोऑर्डिनेटर क्रिस्टी मैरो ने अखबार से कहा- 'वे चाहे जितनी भी तनख्वाह बढ़ाएं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हर चीज के दाम बढ़ रहे हैं। मैं अपने बच्चों के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हूं।' 37 वर्षीया मैरो ने कहा कि अमेरिका में चौड़ी होती सामाजिक खाई कारण उन्हें अंदेशा है कि उनके बच्चों का भविष्यों का सुरक्षित नहीं रहेगा।

सर्वे से सामने आया है कि अमेरिका में नौकरियों की स्थिति को लेकर लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। सर्वे में शामिल आधे से ज्यादा लोगों ने कहा कि आज जितने वेतन के स्तर पर भविष्य में नौकरी ढूंढना आसान साबित नहीं होगा। एनओआरसी के मुताबिक नौकरियों को लेकर आज जितनी आशंका अमेरिका में नजर आ रही है, उतनी 2010 के बाद कभी नजर नहीं आई।

सर्वे में शामिल 44 फीसदी लोगों ने कहा कि उनकी वित्तीय स्थिति आज उससे कहीं अधिक खराब है, जिसकी अपेक्षा उन्होंने की थी। एक तिहाई लोगों ने कहा कि वे अपनी वित्तीय स्थिति से बिल्कुल संतुष्ट नहीं है। जबकि ऐसे लोगों की संख्या एक तिहाई से कम रही, जिन्हें भविष्य में अपने परिवार के जीवन स्तर में सुधार की आशा थी।

सर्वे से जुड़े विश्लेषकों के मुताबिक अगली पीढ़ी के भविष्य को लेकर घटते भरोसे का प्रमुख कारण अमेरिकियों के कॉलेज डिग्री को लेकर बढ़ता संदेह है। डिग्री से भविष्य सुधरेगा, इसको लेकर देश में विश्वास तेजी से घटा है।

# आईएमएफ चाहता है इमरान खान भी करें उसकी शर्तों को मानने का वादा!




**इस्लामाबाद ,25 मार्च 2023।** पाकिस्तान के दो प्रांतों में चुनाव टालने की कोशिश को लेकर देश में राजनीतिक उथल-पुथल बढ़ती जा रही है। चुनाव टालने की निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद से देश में कई जगहों पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक पंजाब और खैबर पख्तूनवा प्रांतों की असेंबलियों का चुनाव 30 अप्रैल को होने वाला था। लेकिन इस बुधवार को निर्वाचन आयोग ने इसे अगले आठ अक्तूबर तक स्थगित करने की घोषणा की।

निर्वाचन आयोग ने चुनाव कराने के लिए जरूरी धन की कमी और सुरक्षा बलों की पर्याप्त उपलब्धता ना होने का तर्क देते हुए चुनाव टालने का एलान किया। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस निर्णय के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। इमरान खान ने इस फैसले को संविधान का खुल्ला उल्लंघन और कानून के राज की हत्या बताया है। पीटीआई इस मामले को फिर सुप्रीम कोर्ट ले गई है।

इमरान खान देश में जल्द आम चुनाव कराने के लिए आंदोलन चला रहे हैं। इसी के लिए दबाव बनाने के मकसद से उनकी पार्टी ने दोनों प्रांतों में असेंबलियों को भंग कराया था। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक किसी सदन के भंग होने के बाद 90 दिन के अंदर उसका चुनाव कराना अनिवार्य है। लेकिन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार चुनाव से बचने की कोशिश में रही है। आरोप है कि निर्वाचन आयोग ने सरकार के दबाव में चुनाव टालने का फैसला लिया है।

पर्यवेक्षकों ने अंदेशा जताया है कि ताजा घटनाक्रम के बाद देश में बढ़े सियासी टकराव का असर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से कर्ज पाने की पाकिस्तान की कोशिश पर पड़ सकता है। आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए 6.5 बिलियन डॉलर का कर्ज मंजूर किया है, लेकिन कहा है कि उसकी शर्तों पर अमल के बाद ही इस रकम का भुगतान किया जाएगा। वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक आईएमएफ ने एक शर्त यह भी लगाई है कि पीटीआई आईएमएफ की शर्तों पर अमल के बारे में लिखित वादा करे। आईएमएफ को अंदेशा है कि अगर अगले चुनाव के बाद पीटीआई सत्ता में आई, तो वह उन 'सुधार कार्यक्रमों' से पीछे हट सकती है, जिन्हें स्वीकार करने के लिए शहबाज शरीफ सरकार तैयार हुई है।

इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रेटेजिक स्टडीज में रिसर्च फेलों अहमद नईम सालिक के मुताबिक पीटीआई के लिए ऐसे आश्वासन पत्र पर दस्तखत करना बेहद मुश्किल है। उन्होंने कहा- पीटीआई सत्ता में लौटी, तो उसके लिए उस रास्ते पर ही चलना आसान नहीं होगा, जिनकी वजह से शहबाज शरीफ सरकार और मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन- पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) देश में बेहद अलोकप्रिय हुए हैं।

पॉलिसी रिसर्च फर्म इकेरस के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर अहसान हामिद दुर्रानी ने भी यही राय जताई है कि पीटीआई से ऐसा वादा हासिल करना आसान नहीं होगा। लेकिन उन्होंने कहा- 'इमरान खान आईएमएफ की इस शर्त को सरकार से चुनाव के समय पर सौदेबाजी का मौका बना सकते हैं।' उन्होंने कहा कि आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच विश्वास का संकट खड़ा हो गया है। आईएमएफ के मन में यह शक पैदा हो गया है कि ॠण मिलने के बाद संभव है कि पाकिस्तान उसकी शर्तों पर पूरा अमल ना करे।

# ग्रेनेडियर गार्ड्स के आठ जवान रॉयल विक्टोरियन मेडल से सम्मानित,महारानी एलिजाबेथ के ताबूत को दिया था कंधा

**लंदन,25 मार्च 2023।** किंग चार्ल्स तृतीय ने शनिवार को उन आठ ग्रेनेडिअर गार्ड्स को सम्मानित किया, जिन्होंने पिछले साल दिवंगत क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में ताबूत को कंधा दिया था। उन्हें सिल्वर रॉयल विक्टोरियन मेडल से सम्मानित किया गया है। उन्हें इसके लिए विशेष सम्मान के रूप में पहले नामित किया गया था।

क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय की पिछले साल सितंबर में 96 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई थी। रॉयल विक्टोरियन ऑर्डर (आरवीओ) के तहत क्वीन की सेवा करने के लिए किंग द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें प्रधानमंत्री की सलाह नहीं ली जाती है। यह किंग और शाही परिवार की सेवा करने वालों को विशेष मान्यता देने के लिए है।



इसे 19वीं शताब्दी में शुरू किया गया था और 1896 में क्वीन विक्टोरिया द्वारा स्थापित किया गया था। लांस सर्जिएंट एलेक्स टर्नर, लांस कॉर्पोरल टॉन फ्लाइन, लांस सर्जिएंट एलियास ओरलॉवस्की, गार्ड्समैन फ्लैचर कोक्स, गार्ड्समैन जेम्स पैटर्सन, लांस सर्जिएंल रयान ग्रिफिफथस, गार्ड्समैन लूक सिम्पसन और गार्ड्समैन डेविड सांडरसन ने पिछले साल 19 सितंबर,1922 को दुनिया के सामने क्वीन एलिबेथ के अंतिम संस्कार के दौरान ताबूत को कंधा दिया था।

ग्रेनिडियर गार्ड्स की इस यूनिट का क्वीन के साथ घनिष्ठ संबंध था, क्योंकि हर दशक में उन्होंने इसकी व्यक्तिगत समीक्षा की। एडिनबर्ग में क्वीन के पार्थिव शरीर के ताबूत को ले जाने वाले सिपाहियो को विशेष सम्मान सूची में शामिल किया गया है।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बड़ा बयान,बोले- वित्त मंत्रालय के पास चुनाव कराने के पैसे ही नहीं हैं

**इस्लामाबाद,25मार्च 2023।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का कहना है कि देश के वित्त मंत्रालय के पास चुनाव कराने के पैसे ही नहीं हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मीडिया को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ख्वाजा आसिफ ने ये बात कही। ख्वाजा आसिफ का यह बयान पाकिस्तान के चुनाव आयोग के उस फैसले के बाद आया है, जिसमें चुनाव आयोग ने पाकिस्तानी पंजाब में होने वाले प्रांतीय चुनाव को स्थगित करने का आदेश दिया है। देश में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति का हवाला देते हुए चुनाव आयोग ने यह कदम उठाया है। जिसका इमरान खान की पार्टी द्वारा विरोध किया जा रहा है।



जानिए पाकिस्तानी रक्षा मंत्री के बयान के मायने

बता दें कि पाकिस्तान की तहरीक ए इंसाफ पार्टी की तत्कालीन सरकारों ने 14 और 18 जनवरी को खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की विधानसभाओं को भंग कर दिया था। इसके बाद एक मार्च को पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा भंग होने के 90 दिनों दोनों राज्यों में चुनाव कराने का आदेश दिया था। इसके तहत अप्रैल में पंजाब और मई में खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव होने थे लेकिन अब चुनाव आयोग ने अक्टूबर तक चुनाव टाल दिए हैं। इस पर ख्वाजा आसिफ का बयान कि चुनाव कराने के पैसे नहीं हैं, साफ इशारा कर रहे हैं कि पाकिस्तान की पीएमएलएन सरकार फिलहाल चुनाव नहीं कराना चाहती और इसे इमरान खान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### इमरान खान पर लगाए गंभीर आरोप

ख्वाजा आसिफ ने पीटीआई चीफ इमरान खान पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इमरान ने पूर्व आर्मी चीफ कमर जावेद बाजवा का कार्यकाल बढ़ाया और बाद में सत्ता से बाहर होने के बाद बाजवा पर ही उन्हें सत्ता से बाहर करने के आरोप लगाए। ख्वाजा आसिफ ने ये भी कहा कि पीटीआई की सरकारों द्वारा प्रांतीय असेंबली को भंग करना असंवैधानिक था लेकिन उन्हें संवैधानिक तरीके से ही सत्ता से बाहर किया गया और वह विश्वास मत से हारे और अब वह कोर्ट के सामने भी पेश नहीं हो रहे हैं।

# जनगणना के आंकड़ों से कुछ ऐसी उभरी नेपाल की तस्वीर

**काठमांडो,25 मार्च 2023।** नेपाल की जनसंख्या में 11 साल में 25 लाख की बढ़ोतरी हुई है। इस रूप में देश में हर साल आबादी में दो लाख से कुछ अधिक की बढ़ोतरी दर्ज हुई। नवंबर 2021 में नेपाल में जनगणना कराई गई थी। नेपाल में भी अन्य देशों की तरह ही हर दस साल पर जनगणना होती है। ताजा जनगणना के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए, जिसके मुताबिक अब नेपाल की आबादी 2,91,64,578 हो गई है। 2011 की जनगणना में देश की आबादी 2,64,94,504 दर्ज हुई थी।

ताजा जनगणना के आंकड़े प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने काठमांडू में हुए एक समारोह के दौरान जारी किए। पर्यवेक्षकों के मुताबिक देश में संघीय शासन व्यवस्था अपनाए जाने के बाद पहली बार यह जनगणना हुई है। इससे अब देश के अलग-अलग प्रांतों में जनगणना के आंकड़े भी सामने आए हैं। संघीय व्यवस्था के तहत सात प्रांतों की स्थापना की गई थी। इनके अलावा 733 स्थानीय निकायों की स्थापना हुई थी।

जनगणना आंकड़ों के मुताबिक बागमती सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत के रूप में सामने आया है। वहां 61 लाख 20 हजार से अधिक लोग हैं। इस तरह देश की कुल आबादी में इस प्रांत का हिस्सा लगभग 21 फीसदी है। 61 लाख 10 आबादी के साथ मधेश नेपाल का दूसरा सबसे बड़ा प्रांत है। दूसरी तरफ सबसे कम आबादी करनाली प्रांत में है, जहां देश की सिर्फ 5.79 आबादी रहती है। इलाकों के हिसाब से बड़ा इलाका तराई है, जहां 1,56,34,006 लोग रहते हैं। यानी देश की 53.61 फीसदी आबादी तराई क्षेत्र में है। पहाड़ी क्षेत्र में 1,17,57,624 लोगों का निवास है। जबकि पहाड़ क्षेत्र में 17,72,948 लोग रहते हैं।




ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में पुरुषों की संख्या 1,42,53,551 है। इस तरह कुल आबादी में पुरुषों का अनुपात 48.98 फीसदी है। जबकि महिलाओं का हिस्सा 51.02 फीसदी है। महिलाओं की संख्या 1,49,11,027 दर्ज हुई है। देश में जेंडर अल्पसंख्यकों यानी एलजीबीटीक्यू की संख्या 0.01 फीसदी है। इनकी कुल संख्या 2,928 है। महानगरों और शहरों में अब देश में देश की 66.17 फीसदी आबादी रहती है। ग्रामीण इलाकों में कुल आबादी का 33.17 फीसदी हिस्सा रह रहा है।

जनगणना आंकड़ों के मुताबिक नेपाल में 75,52,066 मकान हैं। उनमें 71.7 फीसदी आवासीय मकसदों के लिए है। 10.1 फीसदी मकानों का पशुओं के आवास या चारा घर के रूप में इस्तेमाल होता है। 6.3 फीसदी मकानों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। 5.9 फीसदी मकानों का अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग होता है। कुल मकानों में 3.1 फीसदी इमारतों का इस्तेमाल कारोबारी मकसद से होता है। 1.1 फीसदी मकानों का उपयोग शैक्षिक उद्देश्य से हो रहा है। 0.4 फीसदी मकानों का उपयोग उद्योग और सरकारी दफ्तरों के लिए हो रहा है। होटलों और लॉज के उपयोग में 0.3 फीसदी मकान हैं।

जनगणना आंकड़ों के मुताबिक देश में साक्षरता दर 76.2 फीसदी है। 2011 की जनगणना की तुलना में यह 10.8 फीसदी की बढ़ोतरी है। अब देश में पांच वर्ष से अधिक उम्र के दो करोड़ 30 लाख लोग ऐसे हैं, जो पढ़ने-लिखने में सक्षम हैं। देश में 2.2 फीसदी किसी ना किसी प्रकार की विकलांगता का शिकार हैं।

CMYK

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश स्तरीय 'भरोसे का सम्मेलन' कार्यक्रम से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का किया शुभारंभ







» जिले में रीपा के तहत 04 गौठानों में 150 महिला उद्यमी जुड़ेंगी लघु उद्योग से
» जिला स्तरीय कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने मल्टीएक्टिविटी सेंटर का फीता काटकर किया शुभारंभ
» कार्यक्रम में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के रूप में कोरिया एवं एमसीबी जिले के 33311 किसानों के खाते में 26.92 करोड़ रूपए का अंतरण
» राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ
» बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल सहित छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लीकेशन भी लॉन्च

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ वर्चुअल रूप से किया गया। कोरिया जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम मझगवां स्थित गौठान व रीपा स्थल में सम्पन्न हुआ। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के रूप में कोरिया एवं एमसीबी जिले के 33311 किसानों के खाते में 26.92 करोड़ रूपए का अंतरण भी मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने मझगवां में स्थित रीपा अंतर्गत मल्टीएक्टिविटी सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह सहित जनपद पंचायत एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्रामीण औद्योगिक पार्क स्थापित करने के पीछे राज्य सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले उत्पाद स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश और देश में भी अपनी पहचान और व्यवसाय स्थापित करें। मार्केटिंग के लिए क्षेत्रीय बाजार के साथ-साथ सी मार्ट, आनलाईन प्लेटफार्म एवं प्रदेशव्यापीं बाजार और शासकीय विभागों को आपूर्ति की योजना है। इन सबके सुचारू संचालन के लिए आवश्यक अधोसंरचना भी तैयार की गयी है।

कोरिया जिले में विकासखण्ड बैकुंठपुर के मझगवां तथा आनी एवं विकासखण्ड सोनहत के घुघरा तथा कुशहा गौठन चयन किया गया है। मझगवां गौठान में रीपा अंतर्गत कई गतिविधियां जैसे गोबर पेंट यूनिट, स्टेशनरी प्रोडक्ट मेकिंग, बोरी बैग मेकिंग, पेपर कप/बॉक्स मेकिंग, लेमन ग्रास प्लांटेशन आदि गतिविधियां शामिल है जिनका संचालन स्व सहायता समूह की 35 उद्यमी महिलाएं करेंगी। वहीं अन्य रीपा स्थलों में पापड़ मेकिंग, मसाला मेकिंग एवं प्रोसेसिंग एंड पैकेजिंग, जैम मेकिंग यूनिट, बेकरी एंड ब्रेड मेकिंग यूनिट तथा फ्लेक्स एवं ऑफसेट बैनर प्रिंटिंग यूनिट, चावल प्रोसेसिंग, नर्सरी विकास, सरसों तेल मेकिंग यूनिट आदि का संचालन किया जाना है। इससे लगभग 150 महिला उद्यमी अपनी सफलता की इबारत लिखेंगी।

विदित हो कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित प्रदेश स्तरीय 'भरोसे का सम्मेलन' में प्रदेश के किसानों, भूमिहीन मजदूरों और पशुपालकों के लिए संचालित न्याय योजनाओं के अंतर्गत कुल 1946 करोड़ 26 लाख रूपए की राशि का हितग्राहियों के खाते में अंतरण किया गया। इसके साथ ही साथ मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में नवनिर्मित 278 मल्टीएक्टिविटी सेन्टर का लोकार्पण और राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ किया। 'भरोसे का सम्मेलन' में बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल के लोकार्पण के साथ ही छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लीकेशन भी लॉन्च किया गया।

# महात्मा गांधी रूरल इंड्रस्ट्रीयल पार्क रीपा का स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने किया वर्चुवल उद्घाटन

- संवाददाता -
लखनपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।





महात्मा गांधी रूरल इंड्रस्ट्रीयल पार्क रीपा का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य स्तरीय वर्चुवल उद्घाटन किया। दरसअल ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों के विकाश के लिए छत्तीसगढ़ सरकार नए नये योजना लागू कर रही। इसी कड़ी में आज सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के कुंवरपुर और पुहपुटरा में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया था जिसमें अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस सदस्य विक्रमादित्य सिंह देव, जनपद अध्यक्ष मोनिका सिंह पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंह देव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अर्पिता सिंहदेव कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेंद्र गुप्ता, शराफत अली, रमेश जायसवाल, गप्पू खान ,मुकेश सिंह, ठेकेदार महेश नायर, एसडीएम श्रीमती शिवानी जयसवाल तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर नयाब तहसीलदार प्रांजल गोयल मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे, एसडीओ दिलीप मिंज, कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज, पंचायत स्पेक्टर अनिल वर्मा, मंडल संयोजक अरविंद गुप्ता, सहित बिहान योजना के अधिकारी समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बिहान योजना के कार्यरत महिलाओं के द्वारा अतिथियों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया साथ ही। अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी के मूर्ति का अनावरण करते हुए पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। तत्पश्चात छत्तीसगढ के सरगांव से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा वर्चुअल के माध्यम से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। गौरतलब है कि रीपा का वर्चुअल उद्घाटन सुबह 11=30 बजे होना था परंतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिल्ली चले जाने के कारण शाम लगभग 5=00 रीपा का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ बिलासपुर संभाग के सरगांव से किया गया। मीडिया से चर्चा के दौरान रीपा में कार्यरत समूह की महिलाओं ने भूपेश बघेल से अपील की है कि उनके द्वारा उत्पाद किए जा रहे हैं बोरे को सोसाइटी में विक्रय किया जाए जिससे महिलाओं को अत्यधिक लाभ मिल सके आर्थिक रुप से महिलाए और मजबूत हो सके।

### प्रगति महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष अनीता

प्रगति महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष अनीता ने कहा कि समूह की 10 महिलाएं द्वारा बोरा निर्माण कार्य किया जाता हैं। समूह की महिलाओं के घर के छोटे कमरे में एक मशीन से बोरे का कार्य किया जाता जिससे महिलाओ को काफी परेशानियां होती थी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा रिपा योजना के तहत सेड निर्माणकर 15 मशीनें उपलब्ध कराई गई है। समुह की महिलाओ को काफी काम करने में आसानी हो रही है और आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं हमसे जुड़ कर काम कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से अपील हुए समूह की महिलाओं ने कहा कि उनके द्वारा रीपा में उत्पाद किए जा रहे बोरे को सोसाइटी में क्रय किया जाए जिससे महिलाओं को अत्यधिक लाभ मिल सके। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

### जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अर्पिता सिंह देव

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अर्पिता सिंह देव ने कहां की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा वर्चुअल के माध्यम से महात्मा गांधी रूरल इंड्स्ट्रियल पार्क का उद्घाटन किया गया। गौठान में लघु उद्योग स्थापित होने से महिलाओ और युवाओं के रोजगार के अवसर हैं। ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं तथा युवा को आर्थिक रूप से सशक्त होंगे।



# प्रदेश में दोबारा बनेगी भूपेश की सरकारःकमरो

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की पहल पर शासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर विधानसभा क्षेत्र में 1 करोड़ 69 लाख 35 हजार के सीसी रोड, सामुदायिक भवन एवं पुलिया निर्माण आदि विकास कार्यों की सौगात दी गई है। विकास कार्यों के लिए मंजूर की गई डेढ़ करोड़ से अधिक की राशि से विधानसभा क्षेत्र के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत मलकडोल, नेउर, देवगढ़, सगरा, रामगढ़, ठिसकोली, मनियारी, मन्नौढ़, मसर्रा एवं जनकपुर में सीसी रोड निर्माण तथा तरतोरा, मोहन टोला व लाखन टोला में पुलिया निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इसी प्रकार सोनहत विकासखंड के कछाड़ी, मेंड्रा, नवाटोला, रामगढ़ एवं कटगोड़ी में सीसी रोड निर्माण एवं मनेंद्रगढ़ विकासखंड के ग्राम चैनपुर, चरवाही, डोमनापारा, चनवारीडांड, परसगढ़ी, सरभोका, साल्ही, खैरबना, घाघरा, कछौड़, रोझी, बुलाकीटोला, केराबहरा में सीसी रोड निर्माण तथा ग्राम नौगई में सामुदायिक भवन निर्माण व चरवाही में लक्ष्मीपुर मार्ग में पुलिया निर्माण आदि कार्य पूर्ण किए जाएंगे। क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ से भी अधिक की राशि मंजूर किए जाने पर विधायक कमरो ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा शासन के 15 वर्षों के कार्यकाल में पूरी तरह से उपेक्षित रहे भरतपुर-सोनहत विधानसभा में हमारी सरकार ने विकास को एक नया आयाम दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी तमाम बुनियादी सुविधाएं प्राथमिकता से मुहैया कराई जा रही हैं वहीं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इससे लोगों का जीवन स्तर सुधर रहा है। विधायक कमरो ने कहा कि 2023 में एक बार फिर भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी और जनता का आशीर्वाद इस बार भी कांग्रेस को मिलेगा।

» विधायक की पहल पर क्षेत्र को मिली डेढ़ करोड़ से अधिक की सौगात

# शिवपुर प्राथमिक शाला मे हुआ भूकंप से बचाव का मार्कड्रील

- संवाददाता -
रामानुजनगर, 25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।




मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत कल के आये भूकंप की घटना से शिख लेतु हुए आज रामानुजनगर विकास खण्ड अंतर्गत विद्यालय सुरक्षा के तहत शनिवार के कार्यक्रम के तहत् आज प्राथमिक शाल षिवपुर के षिक्षक योगेष कुमार साहू के द्वारा विद्यालय में अध्यनरत बालको को भूकंप आने पर किस प्रकार से बचाव के उपाय करना चाहिए, भूकंप आने की स्थिती मे लोग बचाव की कम जानकारी होने के कारण मौत का षिकार हो जाते हैं यदि भूकंप के समय छोटी - छोटी बातों का ध्यान रखते हुए सतर्कता पूर्वक कार्य किया जावें तो इस आपदा से बचा जा सकता हैं। भूकंप के समय पुराने , जर्जर मकान भवन आदि से दूर रह कर जोखिम कम किया जा सकता है, भूकंप आने पर सभी को कतारबद्व होकर सिर पर बस्ता, कितान या किसी अन्य वस्तुओं से ढकते हुए स्कूल से बाहर निकल जाना चाहिए यदि किसी कारा बाहर निकल नही पाये तो सर को छुपाते हुए किसी ठोस वस्तु जैसे टेबल, बेंच, कुर्सी के अंदर छुप कर बचा जा सकता हैं, बिजली के खंभे, ऊंचे भवनों , जर्जर मकान से दूर रहना चाहिए। भूकंप के समय प्रयास करना चाहिए कि सभी खुले मैदान मे शरण लेना चाहिए। इस दौरान स्कूल के प्रधान षिक्षक ओमप्रकाष वर्मा, षिक्षिका मंजू सिंह उपस्थित रहकर बच्चों के साथ भूकंप के बचाव के बारीकियों को समझे।

# नगर पंचायत लखनपुर में लगभग 60 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

- संवाददाता -
लखनपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 0 7में 25 मार्च शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि दिनेश साहू व पार्षदों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए वार्ड क्रमांक 7 में हाई स्कूल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक डामरीकरण सड़क लगभग 23 लाख रुपए हाई स्कूल से चंद्रभान के घर तक 37,98 लाख का नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कराते विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। राजेश अग्रवाल व दिनेश साहू के द्वारा वार्ड वासी से अपील किया गया रोड के चौड़ीकरण के हिसाब से नाली निर्माण कराया जाएगा जिसका भी नाली निर्माण स्थान में अतिक्रमण है उसे हटाने की सहयोग करें ताकि आने वाल समय में आवागमन बाधित ना हो कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, पार्षद अमित बारी नरेंद्र पांडे चंद्रभान सिंह समीम खान पंचायत इंजीनियर अशोक सिंह महमूद खान नसरत अली साबिर अंसारी गप्पू खान सहित स्थानीय वार्ड वासियों की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू द्वारा भूमि पूजन किया गया तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत इंजीनियर अशोक सिंह, ठेकेदार सहित में वार्ड वासी मौजूद रहे।

# सचिवों की हड़ताल में जाने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पूर्णतःठप्प

» कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने भी सचिवों की हड़ताल को दिया अपना समर्थन।

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



अपनी 1 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के पंचायतों में पदस्थ सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर विगत 16 मार्च से कलम बंद काम बंद हड़ताल पर हैं। सचिवों की हड़ताल में जाने से पंचायतों का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। हड़ताल में शामिल सचिव कलम बंद काम बंद कर प्रतिदिन जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस संबंध में सचिव संघ जिला कोरिया के अध्यक्ष श्री राम विनोद सिंह ने बताया कि पंचायत सचिवों की हड़ताल 10 दिनों से लगातार जारी है। पंचायत सचिवों की हड़ताल में जाने से ग्राम पंचायत के समस्त कार्य जैसे कि शासन की महत्वपूर्ण योजना नरवा गरवा घुरवा बाड़ी का कार्य, पेंशन हितग्राही मूलक कार्य,? जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का कार्य, अधोसंरचना कार्य, शासन के सभी योजना जो ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित होते हैं, वह पूरी तरह बंद हो गई है। जब तक सरकार हमारी मांगों को नहीं सुनती हम काम नहीं करेंगे।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने भी सचिवों की हड़ताल को दिया अपना समर्थन- पंचायत सचिवों की हड़ताल को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का भी साथ मिल गया है। जिला कोरिया के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष श्री आर एस चंदे ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों के शासकीय करण की मांग जायज है। इनकी मांगों को सरकार जल्द से जल्द पूरा करें। इनकी एक मात्र मांग का कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला कोरिया पूर्णरूपेण पूर्णरूपेण करता है।

# प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में वासुदेव ने अधिवक्ता सुल्तान को दी शिकस्त बने अध्यक्ष

» बार एसोसिएशन कोरिया का चुनाव हुआ संपन्न,वासुदेव मोहंती चुने गए अध्यक्ष
» उपाध्यक्ष पद पर उद्धट शुक्ला,सह सचिव पद पर रामप्रवेश शर्मा वहीं सांस्कृतिक सचिव महेश शर्मा निर्वाचित हुए

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।




जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर में बार काउंसिल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव एवं क्रीड़ा प्रभारी का चुनाव आज संपन्न हुआ। जिसमें सचिव पद का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसके लिए अधिवक्ता मृत्युंजय तिवारी को निर्विरोध सचिव चुना गया। जिसमे प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष पद पर वासुदेव मोहंती ने अपनी जीत दर्ज की वहीं अधिवक्ता सुल्तान अंसारी को उन्होंने शिकस्त देकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। बार एसोसिएशन के संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष पद पर उद्धट शुक्ला निर्वाचित हुए वहीं सचिव पद राम प्रवेश निर्वाचित हुए सांस्कृतिक सचिव पद पर महेश शर्मा निर्वाचित हुए। कोरिया जिला बार एसोसिएशन का चुनाव काफी रोमांचक रहा लेकिन अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए पड़े मतों में काफी अंतर देखा गया जिससे पूरा चुनाव एकतरफा नजर आया और अधिवक्ता वासुदेव मोहंती का पैनल विजई रहा।

कोरिया बार एसोसिएशन चुनाव में 124 मत पड़ने थे जिसमें से 121 मत पड़े अध्यक्ष पद के लिए वासुदेव मोहंती के पक्ष में 75 और सुल्तान अंसारी के पक्ष में 46 मत पड़े इस तरह से वासुदेव मोहंती 29 मत से विजयी हो कर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष पद के लिए के लिए उद्धट शुक्ला के पक्ष में 81 व नूर अंसारी के पक्ष में 73 मत पड़े इस तरह से 8 मतों से विजयी हो कर उद्धट शुक्ला उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए, सह सचिव पद के लिए रामप्रवेश के पक्ष में 68 मत व वसीम खान के पक्ष में 51 मत पड़े जिसमें 17 मतों से रामप्रवेश विजयी हो कर सचिव निर्वाचित हुए, सांस्कृतिक सचिव पद पर महेश शर्मा को 70 मत मिराज अंसारी को 51 मत पड़े जिसमें 19 मतों से महेश शर्मा विजयी हो कर सांस्कृतिक सचिव निर्वाचित हुए। लोकतांत्रिक प्रणाली से हुए बार एसोसिएशन के चुनाव के परिणाम को सभी ने स्वीकार किया और जीतने वाले को बधाई दी गई जीत का जश्न भी मनाया गया।

CMYK

# राजस्व शिविर में अवैध कब्जा व अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया

- संवाददाता -
तिल्दा-नेवरा,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

में अधिकतर तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में बेलगाम अवैध कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया है । रायपुर जिला तिल्दा नेवरा में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया, उक्त शिविर में प्रमुखता से अवैध कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग के शिकायते सामने आयी । तिल्दा नेवरा तहसील कार्यालय परिसर में आयोजित राजस्व शिविर में जिला कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के समकक्ष अन्य संबंधित अधिकारियों ने आय जाति, एवं ऋण पुस्तिका से संबंधित समस्याओं को त्वरित निराकरण किया । राजस्व शिविर में 193 प्रकरण सामने आये ,जिनमें अवैध कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया । इस मामले पर तिल्दा विकासखंड क्षेत्रांतर्गत ग्राम तुलसी निवासी केशव वैष्णव ने एक प्रकरण पर परिपत्र दाखिल किया केशव वैष्णव के अनुसार ग्राम तुलसी परिक्षेत्र में खसरा नंबर 577/2 में लगभग पांच हजार वर्ग फीट को तिल्दा - नेवरा निवासी राजकुमार भिखवानी ने मालिकाना हक जताकर किसे दुसरे को अवैध प्लाटिंग कर बेच दिया है । इस मामले पर वैष्णव ने बताया कि इस प्रकरण पर तात्कालिक कलेक्टर सौरभ कुमार ने अपराध पंजीबद्ध कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था ।इस मामले पर 11 जनवरी 2023 को आरक्षी केन्द्र तिल्दा -नेवरा में अपराध पंजीबद्ध करने आदेशित किया गया। परंतु आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । पीड़ित ने कथित व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए कहा कि भू माफिया के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवैध प्लाटिंग किया गया है जिसकी शिकायत पूर्व में कलेक्टर से किया जा चुका है ।उसके बावजूद संबंधित अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे है , पीड़ित पक्ष केशव वैष्णव ने संबंधित अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा छत्तीसगढ़ की भुपेश सरकार का कार्य प्रशंसनीय है परन्तु कुछ अधिकारियों के मिलीभगत के चलते जनता परेशान हो रही है ,इसी तरह विद्युत विभाग के अलावा अन्य विभागों से संबंधित मामला सामने आये ।





# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



- संवाददाता -
सूरजपुर,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा अपने वायदे के अनुसार पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने पर यहां पत्रकारों ने आज मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। गौरतलब है कि प्रदेश मे पत्रकार सुरक्षा क़ानून की मांग पत्रकार लम्बे समय से कर रहे थे।वर्ष 2018 के चुनाव में घोषणा समिति के समक्ष भी यह मांग रखी गई थी।तब कांग्रेस ने चुनाव के दरम्यान न केवल पत्रकारों को भरोसा दिलाया था कि प्रदेश में उनकी सरकार बनी तो वे पत्रकार सुरक्षा कानून बनाएंगे और इसे लागू कर पत्रकारों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी।इस वायदे को घोषणा पत्र में शामिल भी किया गया।प्रदेश सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून के मसौदे को कैबिनट के सामने रखा और इसे मंजूरी दे दी।इससे अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति जो इस मसले को लेकर मुखर थी और आंदोलन भी किया था ने खुशी जाहिर की है।समिति की जिला इकाई ने शनिवार को सर्किट हाउस में एक बैठक कर सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया।इस आशय का पत्र भी जिला प्रशासन के माध्यम से दिया गया है।बैठक में समिति के जिलाध्यक्ष राजेश सोनी सहित वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र दुबे, ओमकार पांडेय,चंचलेश श्रीवास्तव के साथ पप्पू जायसवाल, रमेश गुप्ता,शमरोज खान, कौशलेंद्र यादव, प्रशांत पांडेय,अशोक जायसवाल, सुभाष गुप्ता,नृपेंद्र गुप्ता,मृण्मयी पांडेय,सीपी साहू सहित जिले के पत्रकार मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री बघेल के किसान हितकारी निर्णय से जिले के किसान उत्साहित

- संवाददाता -
कोरबा,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के किसानों के हित में लगातार हितकारी निर्णय ले रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। किसानों को अब समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान बेचने की सुविधा मिलेगी। पहले यह सीमा 15 क्विंटल प्रति एकड़ थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा किसान हित में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश सहित जिले के किसान भी उत्साहित हैं। किसानों द्वारा मेहनत से उपजाए दाने-दाने की पूरी कीमत देने वाले इस फैसले से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी होने से किसानों के जेब में अधिक पैसा पहुंचेगा। जिससे किसानों को अधिक मुनाफा होगा। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री के इस जनहितकारी निर्णय से किसान खुश होकर मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार जता रहे हैं। विकासखण्ड कोरबा के ग्राम नकटीखार के किसान श्री अजीत दास महंत ने कहा कि किसान बहुत मेहनत से फसल उत्पादन करते हैं। किसानों को अधिक फसल उत्पादन करने में सहयोग के लिए कर्ज भी लेना पड़ता है। धान उत्पादन के पश्चात् 15 क्विंटल प्रति एकड़ बेचने की सीमा से कुछ धान बच जाता था। बचे हुए उपार्जित धान को बहुत ही कम कीमत पर बाजार में बेचना पड़ता था। जिससे किसानों को नुकसान होता था। साथ ही खेती की लागत की भी वसूली नहीं हो पाती थी। किसान श्री महंत ने बताया कि प्रदेश के मुखिया द्वारा किसानों की मेहनत के सम्मान में 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी के निर्णय से वह बहुत खुश हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार जताते हुए हर्ष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ समर्थन मूल्य पर बेचने से किसानों को अधिक मुनाफा होगा। साथ ही किसानों को अधिक पैसों की बचत भी होगा।

इसी प्रकार ग्राम दादर खुर्द निवासी किसान श्री मोहन थवाईत और श्री संतोष थवाईत ने मुख्यमंत्री के निर्णय को जनहितकारी बताया। किसानों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 20 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी से किसानों का हित होगा। किसान प्रोत्साहित होकर अच्छे से खेती-किसानी कर पाएंगे। इस निर्णय से किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। ग्राम भालू सटका के किसान श्री रतनसिंह ने बताया कि वह पांच एकड़ में खेती करते हैं। धान उत्पादन के पश्चात् समर्थन मूल्य पर 15 क्विंटल प्रति एकड़ बेचने की सीमा से पूरा धान समितियों में नहीं बेच पाते थे। अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ बेचने की सुविधा से घर के जरूरी कामों में अब पैसों की दिक्कत नहीं होगी। ग्राम भालू सटका के किसान श्री दर्शन सिंह ने बताया कि वह 10 एकड़ में खेती करते हैं। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से सभी किसान प्रोत्साहित हैं। किसानों को होने वाले अधिक मुनाफे से अब वह खेती-किसानी, बच्चों की पढ़ाई और परिवार के पालन-पोषण में बेहतर योगदान दे पायेंगे। जिससे परिवार में अधिक खुशहाली आएगी। किसानों ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के दूरगामी सोच से छत्तीसगढ़ के किसानों का लगातार विकास हो रहा है। शासन द्वारा किसान हितकारी विभिन्न शासकीय योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को निश्चित तौर पर लाभ हो रहा है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,खण्ड-बलरामपुर (छ.ग.)

E-mail:eebalram-phe-cg@nic.in

निविदा क्रं./94/ले.शा.ज़.जी.मि./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023 बलरामपुर,दिनांक 21/03/2023

ऑन लाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म ''अ'' में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 128513 | 167.48 | 128529 | 371.16 | 128544 | 442.56 |
| 128514 | 86.67 | 128530 | 362.39 | 128545 | 142.28 |
| 128515 | 96.63 | 128531 | 416.37 | 128546 | 113.63 |
| 128516 | 185.42 | 128533 | 143.87 | 128547 | 308.51 |
| 128517 | 217.46 | 128534 | 124.56 | 128548 | 234.46 |
| 128519 | 170.23 | 1285336 | 300.41 | 128549 | 207.91 |
| 128521 | 91.68 | 128537 | 167.66 | 128550 | 124.67 |
| 128522 | 199.46 | 128538 | 192.32 | 128551 | 89.84 |
| 128523 | 181.26 | 128539 | 334.40 | 128553 | 347.21 |
| 128524 | 137.67 | 128540 | 114.70 | 128557 | 82.48 |
| 128525 | 285.91 | 128541 | 124.56 | 128559 | 249.84 |
| 128526 | 359.48 | 128542 | 64.40 | | |
| 128527 | 34.23 | 128543 | 414.42 | | |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैधता की तिथि कार्य की अवधि निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यो तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28/03/2023 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 11/04/2023 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,खण्ड बलरामपुर में देख जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-बलरामपुर,छ0ग0

जी.नं.-99596/3



## आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
सुविधाएँ : • पर्सनल लोन • बिजनेस लोन • प्रॉपर्टी लोन • होम लोन • जीवन बीमा • स्वास्थ्य बीमा • गाड़ी फाइनेंस • बैंकिंग ग्राहक सेवा केन्द्र

निःशुल्क फ्रेंचाइजी लेकर काम करने इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं.

प्रमुख बैंकों व कई फाइनेंस कंपनियों द्वारा अधिकृत
आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
गुदरी गली, सेन्ट्रल बैंक के सामने अम्बिकापुर
मो.: 9993567065, 6232267065, 9754461011
Advt.B.19.3.23


# एनटीपीसी के कोचिंग कैंप में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने सीखे फुटबाल के गुण

- संवाददाता -
कोरबा,25 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

बिजली उत्पादन के मूल लक्ष्य के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य की खेल प्रतिभा को भी तराश रहा है एनटीपीसी कोरबा 7 एनटीपीसी कोरबा में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत राज्य स्तरीय वरिष्ठ महिला फुटबाल चयन परीक्षण व कोचिंग कैंप का आयोजन किया गया। दिनांक 02 से 23 मार्च 2023 तक चलने वाले कोचिंग कैंप में बालोद, रायपुर, बस्तर एवं दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। फूटबाल के साथ साथ उन्हे अन्य प्रकार के प्रशिक्षण भी प्रदान किए गए। खिलाड़ियों को कैंप के दौरान सॉफ्ट स्किल्स, जेंडर संवेदीकरण आदि विषयों पे भी प्रशिक्षण दिया गया। अपने प्रवास के दौरान खिलाड़ियों ने होली मिलन, महिला दिवस आदि उत्सवों में भी भाग लिया।

कोचिंग कैंप में 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे पहले टूर्नामेंट के आधार पर 30 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। इन 30 खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी गयी जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिध्त्वि करने के लिए 22 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। छत्तीसगढ़ की यह बेटियाँ अब राज्य का राष्ट्यि स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगी। खिलाड़ियों के साथ कोचिंग कैंप में कोच योगेश जांगड़े, सहायक कोच और प्रबंधक ने भी हिस्सा लिया। दिनांक 23.03.2023 को कोचिंग कैंप का समापन हुआ जिसमे एनटीपीसी कोरबा प्रबंधन द्वारा खिलाड़ियों को किट प्रदान करी गयी।

समापन समारोह के दौरान मधु एस महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने कहा कि ÷एनटीपीसी कोरबा द्वारा राज्य स्तरीय वरिष्ठ महिला फुटबाल चयन परीक्षण व कोचिंग कैंप का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। सभी खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण के साथ साथ सभी सुविधाएं प्रदान करी गयी। सभी प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ÷।

छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली प्लेयर किरन पिसदा भी इस प्रशिक्षण का हिस्सा रहीं। कोचिंग कैंप के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होने कहा कि ÷एक महीना तक चलने वाले प्रशिक्षण में हमें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। हमारे रहने खाने पीने एवं मेडिकल का पूरा ध्यान रखा गया। मैं एनटीपीसी का धन्यवाद देना चहुंगी कि उन्होने हमें सभी सुविधाएं उपलब्ध करायीं। राष्टि्य स्तर पर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर के मुझे गर्व को रहा है। इस कोचिंग कैंप के दौरान चयनित होने में भी मुझे खुशी है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत अनिवार्य है।

हैड कोच योगेश जांगड़े ने कहा कि हमने 22 बच्चों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित किया है जो कि भिलाई में होने वाली है। इसमे 5 और प्रदेश के खिलाड़ी भाग लेंगे ङ्क झारखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश, लद्दाख एवं जम्मू कश्मीर। यह मैच 26 तारीख से लेके 08 अप्रैल तक चलेंगे। एनटीपीसी में हमारा अनुभव बेहद सुखद रहा। पहले दिन से प्रबंधन का पूरा सहयोग मिला। जो सुविधाएं हमें मिली वो काफी अच्छी थी ङ्क ग्राउंड से ले कर के क्लासरूम, खाने पीने से लेके मेडिकल तक, सब सुविधाएं थीं।

समापन समारोह में मधु एस, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस पी सिंह, अपरमहाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), प्रभात राम, अपरमहाप्रबंधक (मानव संसाधन), स्पोर्ट्स कार्उसिल अध्यक्ष के पी चंद्रवंशी, सीएसआर, एचआर, ईडीसी के कर्मचारीगण, कोच योगेश जांगड़े एवं सभी खिलाड़ी सम्मिलित हुए।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
पर्यवेक्षण सेवा कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा सं.: एसईसीआर-बीएसपी-जीएसयू-पीएसएसए-2023-01, दिनांक:21.03.2023 कार्य का नामः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर छ.ग. के बिलासपुर मंडल के मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई) बिलासपुर के क्षेत्राधिकार में विभिन्न निर्माण स्थलों/ सेक्शनों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवा प्रदत्त करना। निविदा मूल्य (रू. मे): ₹ 3,30,66,000.00. अमानत राशि (रू. मे): ₹ 3,15,300.00. कार्य की पूर्णता अवधिः 18 माह।

निविदा प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि: 06.04.2023 से। निविदा बंद होने की तिथि व समयः 20.04.2023 को 15:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

उप मुख्य वि. अभियंता(ग.श.ई.)/
सीपीआर/10/510 द.पू.म.रे., बिलासपुर
South East Central Railway @secrail
RO.No.BSP/3714



## न्ययालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2,जिला-सरगुजा,छ0ग0
ईश्तहार
रा0प्र0क्र0 20230302170089/ अ-21/ 2022-23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्मल मण्डल आ0 निवारण मण्डल, व अन्य 05,निवासी ग्राम अजिरमा, तहसील अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा ग्राम अजिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 51/2 रकबा 2.150 हे0 में से 01 एकड़ 50 डिसमिल हे,अपने निजी आवश्यकता हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारंण अनावेदक विनय सिंह आ0 मोहन सिंह अपने निजी आवश्यकता हेतु रूपयों की आवश्यकता अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा को रू0 22,50,000/- (बाईस लाख पचास हजार रू0) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10/04/2023 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज़ दिनांक 21/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02



## न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0
ईश्तहार
रा0प्र0क्र0-202303021200051/ अ-6/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नान्हु आ0 स्व0 बुढ़गा,उम्र- 55 वर्ष, निवासी- भाथुपारा, नगर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0, ने आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया कि आवेदक क्रमांक 01 एवं अनावेदक क्रमांक 01 के पिता, अनावेदक क्रमांक 02के ससुर बुढगा आ0 बहना उरांव, निवासी के स्वामित्व व हक की शीट नम्बर - 10,मोहल्ला- मनीपुर, नगर अम्बिकापुर, स्थित नज़ूल भू-खण्ड क्रमांक 4259, 4260 रकबा 0.28, 0.05 एकड़ भूमि है। बुढगा आ0 बहना उराँव, निवासी- मनीपुर, की मृत्यु हो चुकी है। आवेदक एवं अनावेदकगण बुढगा आ0 बहना उराँव, निवासी मनीपुर के वैध वारिस है। अतः भूधारक की मृत्यु होने के कारण उनका नाम विलोपित कर वैध वारिसों के नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्ररतुत किया गया है। अतः उक्त सबंध मैं जिस किसी व्यक्ति या संरथा को कोई दावा अथवा आपत्ति हों तो अपना लिखित दावा/आपति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 21/04/ 2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनाँक-17/03/ 2023 को मरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर,सरगुजा



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)उदयपुर जिला-सरगुजा,छ0ग0
रा0प्र0क्र..../अ-21 / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण निवासी ग्राम सुखरी भण्डार का सूचित किया जाता है कि आवेदक दिल बहाल आ0 गेदा जाति मझवार निवासी ग्राम सुखरी भण्डार तहसील उदयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि ग्राम सुखरी भण्डार तहसील उदयपुर में एकल खाता में कुल ख0न0 08 कूल रकबा 0.857 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि में से ख0न0 3/1, 5/1 रकबा क्रमशः 0.251, 0.170 हे0 कुल ख0न0 02 कुल रकबा 0.421 हे0 को अनावेदक अमरेश प्रसाद आ0 स्व0 सजन साय जाति गोंड़ निवासी ग्राम घाटबर्रा तहसील उदयपुर को रूपये 3,00,000.00 ( तीन लाख रूपये) में विक्रय किये जाने का सौदा किया गया है, जिसमें से रूपये 1,50,000.00 (एक लाख प्रचास हजार रूपये) नगद आवेदक द्वारा अग्रिम प्राप्त कर लिया गया है तथा शेष राशि रजिस्ट्री के समय प्राप्त करेगा। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का विकय का कारण अपने पोता-पोती का विवाह एवं घरेलू खर्च हेतु रूपये की आवश्यकता होना बताया है। आवेदक द्वारा विकय किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 10.04.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा,/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि उपरान्त प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
आज दिनांक 24.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर सरगुजा



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)उदयपुर जिला-सरगुजा,छ0ग0
रा0प्र0क्र..../अ-21 / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण निवासी ग्राम सुखरी भण्डार का सूचित किया जाता है कि आवेदक बुधु आ0 स्व0 गेदा जाति मझवार निवासी ग्राम सुखरी भण्डार तहसील उदयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि ग्राम सुखरी भण्डार तहसील. उदयपुर में एकल खाता में कुल ख0न0 09 कूल रकबा 0.971 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि में से ख0न0 3/2, 5/2 रकबा क्रमश-0.251, 0.170 हे0 कुल ख0न0 02 कुल रकबा 0.421 हे0 को अनावेदक अमरेश प्रसाद आ0 स्व0 सजन साय जाति गोंड़ निवासी ग्राम घाटबर्रा तहसील उदयपुर को रूपये 3,00,000.00 ( तीन लाख रूपये) में विक्रय किये जाने का सौदा किया गया है, जिसमें से रूपये 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये) नगद आवेदक द्वारा अग्रिम प्राप्त कर लिया गया है तथा शेष राशि रजिस्ट्री के समय प्राप्त करेगा। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का विकय का कारण अपने ईलाज एवं सिंचाई हेतु ट्यूबबेल खनन हेतु रूपये की आवश्यकता होना बताया है । आवेदक द्वारा विकय किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 10.04.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा,/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि उपरान्त प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर सरगुजा



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)उदयपुर जिला-सरगुजा,छ0ग0
रा0प्र0क्र..../अ-21 / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण निवासी ग्राम सुखरी भण्डार का सूचित किया जाता है कि आवेदक चमन राम आ0 बुधुराम जाति मझवार निवासी ग्राम सुखरी भण्डार तहसील उदयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि ग्राम सुखरी भण्डार तहसील उदयपुर में एकल खाता में कुल ख0न0 07 कुल रकबा 0.804 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि में से ख0न0 3/3, 5/3 रकबा क्रमश- 0.250, 0.174 हे0 कुल ख0न0 02 कुल रकबा 0.424 हे0 को अनावेदक अमरेश प्रसाद आ0 स्व0 सजन साय जाति गोंड़ निवासी ग्राम घाटबर्रा तहसील उदयपुर को रूपये 3,00,000.00 ( तीन लाख रूपये) में विक्रय किये जाने का सौदा किया गया है, जिसमें से रूपये 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये) नगद आवेदक द्वारा अग्रिम प्राप्त कर लिया गया है तथा शेष राशि रजिस्ट्री के समय प्राप्त करेगा। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का विकय का कारण सिंचाई हेतु ट्यूबबेल खनन एवं घरेलू खर्च हेतु रूपये की आवश्यकता होना बताया है। आवेदक द्वारा विकय किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 10.04.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि उपरान्त प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी । .

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर सरगुजा



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)उदयपुर जिला-सरगुजा,छ0ग0
रा0प्र0क्र..../अ-21 / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण निवासी ग्राम सुखरी भण्डार का सूचित किया जाता है कि आवेदकगण संझई पति सुधु राम, फिरमजन आ0 सुधु राम दोनों जाति मझवार निवासी ग्राम सुखरी भण्डार तहसील उदयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है. कि ग्राम सुखरी भण्डार तहसील उदयपुर में एकल खाता में कुल ख0न0 07 कुल रकबा 0.804 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि में से ख0न0 3/3, 5/3 रकबा क्रमशः 0.250, 0.174 हे0 कुल ख0न0 02 कुल रकबा 0.424 हे0 को अनावेदक अमरेश प्रसाद आ0 स्व0 सजन साय जाति गोंड़ निवासी ग्राम घाटबर्रा तहसील उदयपुर को रूपये 3,00,000.00 ( तीन लाख रूपये) में विक्रय किये जाने का सौदा किया गया है, जिसमें से रूपये 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये) नगद आवेदकगण द्वारा अग्रिम प्राप्त कर लिया गया है तथा शेष राशि रजिस्ट्री के समय प्राप्त करेगा। आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि का विकय का कारण सिंचाई हेतु ट्यूबबेल खनन एवं घरेलू खर्च हेतु रूपये की आवश्यकता होना बताया है । आवेदक द्वारा विकय किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 10.04.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि उपरान्त प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायलयीन पदमुद्रा ला जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर सरगुजा



## न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला-सूरजपुर,छ0ग0
रा0प्र0क्र0 202303262100108 /अ-21/2022-23

ग्राम संजयनगर

ईश्तहार

आम जनता ग्राम संजयनगर को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा रानी पिता स्व0 मुकुन्द एवं अन्य -2 सभी जाति नमोसूद निवासी ग्राम संजयनगर तहसील लटोरी जिला - सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं0 298 रकबा 0.660 हे0 में से रकबा 0.400 हे0 (1 एकड़) भूमि को अनावेदक जगदीश आ0 स्व0 अनिल मंडल जाति नमोशुद्र निवासी नेहरूनगर अम्बिकापुर जिला- सरगुजा छ0ग0 के पास आवेदकगण को अपने बिमारी की ईलाज हेतु पैसे की आवश्यकता पड़ने पर रकम का कोई अन्य व्यवस्था नही होने से उक्त आवेदित भूमि रकबा 0.400 हे0 भूमि को रू.15,00,000/- में बिक्री करने हेत तय कर सम्पूर्ण रकम प्राप्त कर लिये है। उक्त आवेदित भूमि पुर्नवास विभाग से प्राप्त होने के कारण विक्री करने हेतु अनुमति बावत कलेक्टर महोदय सूरजपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से जांच कार्यवाही पूर्ण कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण पंजीबद्ध हो। ईश्तहार का ग्राम संजयनगर एवं दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हो। हल्का पटवारी से बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु ज्ञापन जारी हो। अनावेदक आहुत हो। ,जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06.04.2023 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार लटोरी,सूरजपुर

# मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में बनाई जगह

## » एलिमिनेटर मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को 72 रन से हराया

**नई दिल्ली,25 मार्च 2023।** महिला प्रीमियर लीग में फाइनल मुकाबला अब अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दिल्ली कैपिटल और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को मात दे दी है। मुंबई इंडियंस अब फाइनल खेलने वाली दूसरी टीम बन गई है। महिला प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला अब दिल्ली कैपिटल और मुंबई इंडियंस के बीच 26 मैच को खेला जाएगा। इस मुकाबले के बाद महिला प्रीमियर लीग को पहली विजेता का नाम सबके सामने होगा। इससे पहले एलिमिनेटर मुकाबले में यूपी वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने यूपी के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए दमदार बल्लेबाजी की। मुंबई ने 20 ओवर में चार विकेट पर 182 रन ही बनाए। वहीं यूपी के बल्लेबाज मुंबई के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सके। यूपी की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल सकी और 17.4 ओवर में 110 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 72 रन से जीत हासिल की।

### मुंबई ने पहले बल्लेबाजी कर बनाया दबाव

मुंबई की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और यूपी के गेंदबाजों पर हावी हुई। मुंबई के लिए नताली सीवर ब्रंट ने फिर से दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने नौ चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 72 रन की पारी खेली। मुंबई के लिए गेंदबाजों ने भी दमदार प्रदर्शन किया। मुंबई की तेज गेंदबाज इस्सी वोंग के सामने यूपी के बल्लेबाज नहीं टिक सके। इस्सी वोंग की हैट्रिक से शानदार जीत हासिल की।



इस्सी वोंग ने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए और मुंबई को फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। इसी के साथ इस्सी वोंग महिला प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली खिलाड़ी बनी। इस्सी वोंग ने 13वें ओवर में यूपी के किरण नवगिरे, सिमरन शेख और सोफी एक्लेस्टोन का विकेट झटक कर टीम पर दबाव बनाया जिससे यूपी उभार नहीं पाई। इस्सी के शानदार प्रदर्शन के अलावा सायका इशाक ने 24 रन देकर दो विकेट लिए। नताली सीवर, हीली मैथ्यूज और जे कलिता ने भी एक एक विकेट लिया।

सिवर ब्रंट ने अपनी 38 गेंद की पारी के दौरान मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। वह जब छह रन पर थीं तो राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर एक्लेस्टन (39 रन देकर दो विकेट) मिड ऑफ पर उनका कैच टपका दिया था। यूपी वारियर्स की टीम अपनी स्पिन गेंदबाजों की बदौलत डीवाई पाटिल स्टेडियम में पहले 10 ओवर तक नियंत्रण में दिख रही थी जिससे सिवर ब्रंट के अलावा मुंबई की कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सकीं।

दायें हाथ की बल्लेबाज सिवर ब्रंट एक छोर पर डटी रहीं, उन्होंने पारी के अंत में अमेलिया केर (19 गेंद में पांच चौके से 29 रन) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिये 60 रन जोड़कर पारी बढ़ाने में मदद की। मुंबई इंडियंस ने पांच से 15 ओवर तक 78 और फिर अंतिम पांच ओवर में 66 रन जोड़कर चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यास्तिका भाटिया (21), हेली मैथ्यूज (26) और हरमनप्रीत कौर (14) जैसी खिलाड़ी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं जिससे यूपी वारियर्स ने दबदबा बनाया।

भाटिया ने मैच की पहली गेंद पर चौका जड़ा, वह अच्छी फॉर्म में दिख रही थीं लेकिन अंजलि सरवनी (17 रन देकर एक विकेट) ने पांचवें ओवर में उन्हें आउट किया। मुंबई की विकेटकीपर बल्लेबाज ने मैथ्यूज के साथ पहले विकेट के लिये 31 रन जोड़े। मैथ्यूज ने मैच का पहला छक्का ग्रेस हैरिस की गेंद को डीप स्क्वायर लेग में पहुंचाकर लगाया। पावरप्ले में मुंबई इंडियंस ने एक विकेट पर 46 रन बना लिये थे। मैथ्यूज और सिवर ब्रंट पारी आगे बढ़ा रही थीं।

यूपी वारियर्स की उप कप्तान दीप्ति शर्मा ने नौंवे ओवर में यह भागीदारी तोड़ ही दी थी जब सरवनी ने डीप स्क्वायर लेग में एक नीचा कैच लपक लिया था लेकिन तीसरे अंपायर ने मैथ्यूज के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि रिप्ले में लग रहा था कि गेंद ने मैदान को छू लिया था। पर यूपी वारियर्स को दूसरे विकेट के लिये लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा और 16 साल की पार्श्वी चोपड़ा ने मैथ्यूज (26 गेंद, दो चौके, एक छक्का) को 10वें ओवर में अपनी पहली ही गेंद पर लांग ऑन में कैच आउट कराया। सिवर ब्रंट ने प्रतिद्वंद्वी टीम पर आक्रमण तेज करते हुए 12वें ओवर में चोपड़ा पर दो चौके और एक छक्का जड़ा। मुंबई ने अगले ओवर में अपने 100 रन पूरे किये और कप्तान हरमनप्रीत (14 रन) का विकेट गंवा दिया। एक्लेस्टन ने उन्हें बोल्ड किया।

### यूपी की टीम ने किया खराब प्रदर्शन

यूपी वॉरियर्स की टीम को क्षेत्ररक्षण और बल्लेबाजों के शॉट चयन में खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके लिये किरण नवगिरे ही मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों का डटकर सामना कर पायीं। उन्होंने 27 गेंद में चार चौके और तीन छक्के से 43 रन की तेज तर्रार पारी खेली। लेकिन कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा का स्कोर नहीं बना सकी।

इससे पहले यूपी वारियर्स पर लक्ष्य का दबाव शुरू से ही दिखा और उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 21 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। श्वेता सेहरावत आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं। कप्तान एलिसा हीली छह गेंद ही खेल पायी थीं कि वोंग की गेंद पर हरमनप्रीत को कैच दे बैठी। तहलिया मैकग्रा (07) का रन आउट होना टीम के लिये काफी निराशाजनक रहा। फिर नवगिरे के आने से थोड़ी उम्मीद जगी।

उन्होंने और ग्रेस हैरिस (14 रन) ने छठे ओवर में 20 रन जोड़े। इससे टीम ने पावरप्ले में तीन विकेट पर 46 रन बनाये। पर हैरिस जल्द ही सिवर ब्रंट का शिकार हो गयीं जिससे उनके और नवगिरे के बीच 22 गेंद में 35 रन की भागीदारी खत्म हुई। नवगिरे ने 12वें ओवर में अमेलिया केर पर दो छक्के और एक चौके जड़े जिससे इस ओवर में 19 रन बने। पर इसके बाद वोंग की करिश्माई गेंदबाजी ने कमाल दिखाया और मुंबई इंडियंस की जीत सुनिश्चित की।

## डब्ल्यूपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस की इस्सी वोंग ने रचा इतिहास




### लीग की पहली हैट्रिक हासिल करने में पाई सफलता

महिला प्रीमियर लीग 2023 के एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने बल्लेबाजों और गेंदबाजों धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर लीग के फाइनल में एंट्री पा ली है। मुंबई इंडियंस के लिए पूरी लीग काफी शानदार रही है। अंतिम कुछ मुकाबलों को छोड़कर इस पूरी लीग में टीम का दबदबा रहा है। फाइनल जीतने की भी मुंबई इंडियंस की प्रबल संभावना है। मुंबई के बल्लेबाज से लेकर उनके गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर मुंबई सबसे मजबूत टीम बनकर उभरी है। इसी बीच मुंबई इंडियंस की तेज गेंदबाज इस्सी वोंग ने महिला प्रीमियर लीग में खेलते हुए इतिहास रच दिया है। इस्सी वोंग लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने 24 मार्च को यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में ये उपलब्धि हासिल की है। इस्सी वोंग ने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले के 13वें ओवर में लगातार तीन बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया और इतिहास रच दिया।

इस्सी वोंग ने 13वें ओवर में वोंग ने यूपी की किरन नवगिरे, सिमरन शेख और सोफी एक्लेस्टोन के विकेट लिये। इन तीनों ही विकेट के लेने से यूपी की पारी डगमगा गई। ये तीन विकेट मुंबई के लिए अहम साबित हुए। इन तीन विकेट के गिरने के बाद यूपी की टीम मुकाबले में लौट नहीं सकी। इन विकटों की बदौलत मुंबई ने इस मैच को 72 रनों से जीतकर फाइनल में जगह पक्की कर ली।



## स्विस ओपन सुपर सीरीज के सेमीफाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी

**बासेल,25 मार्च 2023।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे को हराकर स्विस ओपन सुपर सीरीज 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार की रात को खेले गए मुकाबले में 54 मिनट में 15-21, 21-11, 21-14 से जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला ओंग यू सिन और टियो ई यी की मलेशियाई जोड़ी से होगा। पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन जैसे खिलाड़ियों के शुरू में ही बाहर हो जाने के बाद अब भारत का दारोमदार पुरुष युगल की इस स्टार जोड़ी पर ही टिका है। भारतीय जोड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले गेम में एक समय वह केवल 15-16 के स्कोर पर एक अंक से पिछड़ रही थी लेकिन इसके बाद डेनमार्क की जोड़ी ने लगातार छह अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में लय हासिल की और इंटरवल तक 11-4 की मजबूत बढ़त बना दी। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और दूसरा गेम जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया और इंटरवल तक वह 11-7 से आगे थी। इसके बाद उसने सात अंक की बढ़त बनाई और उसे आखिर तक बरकरार रखकर शान से सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने इस टूर्नामेंट में अच्छी वापसी की है क्योंकि इससे पहले ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उसे पहले दौर में ही बाहर होना पड़ा था।

# नीतू,निकहत,लवलीना और स्वीटी फाइनल में

**नई दिल्ली ,25 मार्च 2023।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 चैम्पियन नीतू घनघस, मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत ज़रीन, टोक्यो ओलम्पिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और तीन बार की एशियाई पदक विजेता स्वीटी बूरा महिंद्रा आईबीए विमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के फाइनल में भारत की चुनौती पेश करेंगी।

भारत और चीन की मुक्केबाज अपने शानदार अभियान के दम पर स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार होंगी। इन दोनों देशों की चार-चार मुक्केबाजों की निगाहें रविवार को यहां इंदिरा गांधी खेल परिसर में खेली जाने वाली फाइनल बाउट जीतकर गोल्ड मेडल पर टिकी होंगी।

दूसरी ओर, चीन की चार मुक्केबाज वू यू (52 किग्रा), यांग चेंगयु (63 किग्रा), यांग लियू (66 किग्रा) और वांग लीना (81 किग्रा) फाइनल में पहुंची हैं, जिनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतने का होगा।

भारत के स्वर्ण पदक के अभियान की शुरुआत दो बार की यूथ वर्ल्ड चैम्पियन नीतू (48 किग्रा) के मुकाबले से होगी, जो फाइनल बाउट में दो बार की एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुत्सेखान अल्तांसेटसेग से भिड़ेंगी। 22 वर्षीया नीतू अपनी दूसरी वर्ल्ड चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। उनका अब तक का अभियान शानदार रहा है। इस दौरान उन्होंने रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट (आरएससी) फैसलों के जरिये तीन बाउट जीती है और फाइनल में भी वह इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेंगी।



नीतू ने कहा, पिछली बार (वर्ल्ड चैम्पियनशिप क्वॉर्टर फाइनल में) हारने के बाद से कजाखस्तान के खिलाफ जीतना मेरे लिए सबसे अधिक दबाव वाला था और जीतने के बाद मैं खुद में आत्मविश्वास महसूस कर रही हूं। मैं अपने खेल में बहुत सुधार देख सकती हूं क्योंकि पहले मैं सिर्फ एक ही तरह का खेल खेलती थी लेकिन अब मुझे पता है कि अपने अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपनी तकनीक को कैसे बदलनी है, और मुझे यकीन है कि मैं इसी तरह का प्रदर्शन आगे भी जारी रखूंगी। मैंने फाइनल के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी के मुकाबले नहीं देखे हैं, लेकिन मैं उसके मुकाबले देखूंगी और उसी के अनुसार तैयारी करूंगी। जहां तक आक्रामकता का सवाल है तो वो मुकाबले पर निर्भर करेगा।

निकहत (50 किग्रा) अपने खिताब का बचाव करके लगातार वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह रविवार को फाइनल में दो बार की एशियाई चैम्पियन और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक विजेता वियतनाम की गुयेन थी टैम से भिड़ेंगी। तेलंगाना की स्टार मुक्केबाज इस बार लाइट फ्लाईवेट कैटेगरी में उतरी हैं, लेकिन इसके बावजूद वह अब तक अपनी सभी प्रतिद्वंद्वियों पर हावी रही हैं, जिसमें अल्जीरिया की अफ्रीकी चैम्पियन रौमेसा बौआलम, दो बार की वर्ल्ड ब्रॉन्ज मेडलिस्ट थाईलैंड की चुथमत रक्सत और रियो ओलम्पिक की कांस्य पदक विजेता कोलंबिया का इंग्रिट वालेंसिया शामिल हैं।




## ऊषा,मुंबई इंडियंस की साझेदारी दसवें वर्ष में पहुंची

**नई दिल्ली ,25 मार्च 2023।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्राण्ड ऊषा इंटरनेशनल ने पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस के साथ लगातार 10वें वर्ष के लिये अपनी आधिकारिक साझेदारी जारी रखने की घोषणा की है।इस साझेदारी पर ऊषा इंटरनेशनल में स्पोर्ट्स इनीशिएटिव्स एण्ड एसोसिएशंस की प्रमुख कोमल मेहरा ने कहा, मुंबई इंडियंस के साथ एक दशक की साझेदारी हम दोनों ब्राण्ड्स के बीच परस्पर आदर और जुड़ाव दिखाने वाली उपलब्धि है। यह रणनीतिक साझेदारियों द्वारा खेलों को बढ़ावा देने और एक खेल परितंत्र विकसित करने के लिये हमारे समर्पण को दोहराती है। मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी सच्ची खेल भावना का प्रदर्शन करती है और इसके खिलाड़ी युवाओं के लिये आदर्श हैं और उन्हें सक्रिय तथा स्वस्थ जीवन जीने के लिये प्रेरित करते हैं। हम सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हैं और हमें इस सीजन में बड़े ही रोमांचक मैचों की उम्मीद है!''

# एनबीके 108 के लिए काजल अग्रवाल हुई सक्रिय


हिन्दी और दक्षिण भारतीय फिल्मों की सफलतम अभिनेत्रियों में शुमार रही काजल अग्रवाल एक बार फिर से फिल्म दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। शादी और माँ बनने के बाद अब वे पूरी तरह से फिल्मों में लौट रही हैं। उनकी वापसी दक्षिण के कामयाब अभिनेता नंदमूरि बालाकृष्ण के साथ होने जा रही है। इस वर्ष की पहली तिमाही में बॉक्स ऑफिस पर कामयाब फिल्म वीरा सिम्हा रेड्डी देने वाले नंदमूरि बालाकृष्ण अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में लग गए हैं।

नंदमूरि बालाकृष्ण ने वीरा सिम्हा रेड्डी के साथ एक बड़ी हिट फिल्म उद्योग को दी। अब उनकी अगली फिल्म की चर्चाएँ हो रही हैं जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी अनिल रविपुदी को सौंपी गई है। अभी तक इस फिल्म का कोई नाम तय नहीं किया गया है, इसके चलते इसे एनबीके 108 के नाम से जाना जाएगा। जब हर कोई सोच रहा था कि इस परियोजना में मुख्य भूमिका कौन निभाएगा, तो काजल अग्रवाल के नाम की घोषणा की गई। इससे पहले, रिपोर्ट्स में कहा गया




था कि उन्हें एनबीके 108 के लिए संपर्क किया गया था।नंदमूरि बालाकृष्ण वर्तमान में एनबीके 108 की शूटिंग कर रहे हैं। इसकी घोषणा अगस्त 2022 में की गई थी। महिला नेतृत्व पर विचार-विमर्श के बीच, अब यह पुष्टि हो गई है कि काजल अग्रवाल एनबीके 108 में प्रमुख महिला की भूमिका निभाएंगी। परियोजना और काजल की भूमिका के बारे में अधिक जानकारी का इंतजार है। निर्देशक ने एक वीडियो के साथ इसकी घोषणा की। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि इसका संगीत एस थमन द्वारा रचित होगा।

अनिल रविपुडी एक स्टार फिल्म निर्माता के रूप में उभरे जब उन्होंने सरिलरु नीकेवरु (2020) में महेश बाबू को निर्देशित किया, जिसने अल्लू अर्जुन की अला वैकुंठप्रेमुलु से प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने एफ-3 के साथ एक और ब्लॉकबस्टर फिल्म दी, जो उनकी आश्चर्यजनक हिट एफ-2 की अगली कड़ी थी। उनके कहानी कहने के ब्रांड को देखते हुए, एनबीके 108 से एक व्यावसायिक मनोरंजन की उम्मीद की जा सकती है।



# एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने पर्पल कलर की पैंट पहनकर दी बेहद ही स्टाइलिश पोज

टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपनी हॉटनेस और ग्लैमरस अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाए रहती हैं। वहीं, उनके करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चाएं बनी रहती हैं। वहीं, हाल ही में एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने ब्रालेट के साथ अपनी हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने पर्पल कलर की ब्रालेट के साथ पैंट पहनकर बेहद ही स्टाइलिश पोज दिए हैं। जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश इस लेटेस्ट आउटफिट में अपनी बैक फ्लॉन्ट कर रही हैं। जो फैंस के दिलों को बेताब किए हुए हैं। मिनिमल मेकअप के साथ एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने कई डिफरेंट अंदाज में पोज देकर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रखा है। लेटेस्ट फोटोशूट में टीवी की नागिन काफी बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने न्यूड मेकअप के साथ कोई ज्वैलरी नहीं पहन रखी है। इसके बावजूद भी एक्ट्रेस की खूबसूरती पानी में आग लगाने का काम कर रही है। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश की सोशल मीडिया पर वीडियो या तस्वीरें आते ही वायरल हो जाती हैं। तेजस्वी के फैन फॉलोइंग की बात करें तो उनके इंस्टाग्राम पर 6.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं। तेजस्वी प्रकाश एक्टर करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपने फैंस का दिल जीतना जानती हैं। उन्हें पता है कि फैंस के दिलों पर राज कैसे किया जाता है।













# पुष्पा-2 में हो सकती है अजय देवगन या सलमाल की एंट्री




अल्लू अर्जुन की पुष्पा (पुष्पाः द राइज़) को रिलीज हुए तकरीबन 2 साल चुके है और अब फैन्स को पार्ट 2 का बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे है। मूवी पुष्पा ने बॉक्स ऑफिस पर खूब जमकर कारोबार किया था। इसने साउथ से लेकर बॉलीवुड फैन्स पर भी अपना खूब जादू भी चला दिया है। अब बोला जा रहा है कि पुष्पाः द रूल के स्क्रीनप्ले की कहानी फिर से लिखने वाली है और बॉलीवुड के बड़े सुपरस्टार इस मूवी में लिए जा रहे हैं।

डायरेक्टर सुकुमार की तेलुगू एक्शन ड्रामा मूवी स्टार अल्लू अर्जुन की इस फिल्म में फहाद फाजिल के अलावा रश्मिका मंदाना भी दिखाई देने वाली है। इस फिल्म में भी पहली मूवी की तरह सामंथा रुथ प्रभु का स्पेशल सॉन्ग अपीयरेंस होने वाला है। अब खबर है कि डायरेक्टर सुकुमार पुष्पा 2 में बॉलीवुड के टॉप सुपरस्टार को लेने की योजना बना रहे। कहा जा रहा है कि वो या तो सलमान खान हो सकते हैं या फिर अजय देवगन। हालांकि, इसे लेकर कोई फॉर्मल कन्फर्मेशन नहीं है।

CMYK

# सीएम ने बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल का किया लोकार्पण

» निर्धारित मापदण्ड एवं शर्तों के साथ ऑनलाईन कर सकेंगे आवेदन

**रायपुर/मुंगेली,25मार्च 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' में बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल का लोकार्पण किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लीकेशन भी लॉन्च लांच किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 1 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की है। इसके लिए राज्य शासन द्वारा एनआईसी से बेरोजगारी भत्ता वेबपोर्टल तैयार कराया गया है। बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदक को निर्धारित मापदण्ड एवं शर्तों के अनुसार इस वेब पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन करना होगा, यह पोर्टल 01 अप्रैल 2023 से आम जनता के लिये उपलब्ध रहेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लगातार चार साल के विपरीत परिस्थितियों में भी हमने छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा बनाए रखा इसका यह सम्मेलन है।

हमने किसानों, मजदूरों, नौजवानों सभी का भरोसा और विश्वास बनाए रखा।

राज्य सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ में खेती किसानी की प्रगति हुई

### सरकार ने विभिन्न योजनाओं के जरिये लोगों की जेब मे पैसा डाला

इससे व्यापार और व्यवसाय भी बढ़ा, परिणास्वरूप उद्योग बढ़े, यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में किसी मंदी का प्रभाव नहीं पड़ा।

हमारा प्रयास सबको आगे बढ़ाने का है, आज सरगांव में एक और बड़ा काम हुआ है, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का लोकार्पण हुआ है।

गांवों में उद्योग खोलने के लिए हम सुविधा प्रदान कर रहे हैं, जरूरतमंदों को रोजगार मिले यही हमारा उद्देश्य है।

## हमारा प्रयास सबको आगे बढ़ाने का है




### हमारे छत्तीसगढ़ में परंपरागत उद्योग हैं, इसका लाभ मिले इसलिए हमने रीपा की शुरुआत की है

नगर पंचायत क्षेत्र के भूमिहीनों एवं मजदूरों को लाभान्वित करने के लिए हमने नगरीय क्षेत्रों में राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की शुरुआत आज की गई। जैसे-जैसे गोधन न्याय योजना आगे बढ़ती जाएगी, वैसे-वैसे ही हम जैविक राज्य की दिशा में आगे बढ़ते जाएंगे।

आज केवल के संपन्नता किसानों नहीं बढ़ी है बल्कि व्यापार, व्यवसाय और उद्योग भी बढ़े हैं। हमारा प्रयास सभी को आगे बढ़ाना है।

### आवास के लिए हमने 3200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है दूसरी योजनाओं पर भी काम कर रहे हैं

हमने आज बेरोजगारी भत्ता वेब पोर्टल लॉन्च किया है, ऐसे बेरोजगार युवा जिनकी पारिवारिक आय ढाई लाख रुपए से कम है, वे इस वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना से नए हितग्राही वंचित हो गए हैं इसलिए हम नए तरीके से सर्वेक्षण कराकर वंचित हितग्राहियों को आवास योजना से लाभान्वित करेंगे।

आज हमने आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लिकेशन लांच किया है, हम सर्वे के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देंगे, नये हितग्राहियों को मकान देंगे।

नगर पंचायत क्षेत्र के भूमिहीनों एवं मजदूरों को लाभान्वित करने के लिए हमने नगरीय क्षेत्रों में राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की शुरुआत आज की गई। जैसे-जैसे गोधन न्याय योजना आगे बढ़ती जाएगी, वैसे-वैसे ही हम जैविक राज्य की दिशा में आगे बढ़ते जाएंगे।

### आज केवल के संपन्नता किसानों नहीं बढ़ी है बल्कि व्यापार, व्यवसाय और उद्योग भी बढ़े हैं हमारा प्रयास सभी को आगे बढ़ाना है

आवास के लिए हमने 3200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। दूसरी योजनाओं पर भी काम कर रहे हैं।

हमने आज बेरोजगारी भत्ता वेब पोर्टल लॉन्च किया है, ऐसे बेरोजगार युवा जिनकी पारिवारिक आय ढाई लाख रुपए से कम है, वे इस वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना से नए हितग्राही वंचित हो गए हैं इसलिए हम नए तरीके से सर्वेक्षण कराकर वंचित हितग्राहियों को आवास योजना से लाभान्वित करेंगे।

आज हमने आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लिकेशन लांच किया है, हम सर्वे के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देंगे, नये हितग्राहियों को मकान देंगे।

### मुख्यमंत्री बघेल ने तीन न्याय योजनाओं के हितग्राहियों के खाते में डाले में 1946 करोड़ 26 लाख रूपए

मुख्यमंत्री बघेल ने तीन न्याय योजनाओं के हितग्राहियों के खाते में कुल 1946 करोड़ 26 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के रूप में 23.23 लाख किसानों के खाते में 1793 करोड़ रूपए का अंतरण किया।

मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के 4.99 लाख हितग्राहियों को 149.92 करोड़ रूपए की सहायता राशि जारी की। इस योजना में भूमिहीन मजदूरों को सालाना 7 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर विक्रेता, पशुपालकों, महिला स्व-सहायता समूहों और गौठान समितियों के खाते में 6 करोड़ 34 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया। इस राशि में से 8367 गौठानों और गोबर खरीदी केन्द्रों में 1 से 15 मार्च 2023 तक खरीदे गए 01 लाख 67 हजार 932 क्विंटल गोबर के एवज में गोबर विक्रेता, पशुपालकों को 03 करोड़ 68 लाख रूपए, लाभांश राशि के रूप में स्व-सहायता समूहों को 1.08 करोड़ रूपए तथा गौठान समितियों को 1.58 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। गोबर खरीदी के एवज में भुगतान की जा रही राशि में से 2.02 करोड़ रूपए का भुगतान स्वावलंबी गौठानों द्वारा तथा 1.66 करोड़ रूपए की राशि विभाग द्वारा की गई है।

# माओवादीगढ़ में अमित शाह की चुनौती

» नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में

» केंद्रीय गृहमंत्री ने सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर वीरों का किया सम्मान

**जगदलपुर,25मार्च 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर जिले में करनपुर कैंप में माओवादियों को चुनौती देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में है। सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस पर केंद्रीय मंत्री ने सीआरपीएफ के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि सीआरपीएफ का जन्म लौह पुरुष सरदार पटेल ने किया था।

शाह ने कहा, अगर कहीं से अप्रिय घटना की खबर आती है और फिर पता चलता है किए वहां सीआरपीएफ की टीम पहुंच जाती है तो मेरी चिंता खत्म हो जाती है। क्योंकि मैं जानता हूं जहां सीआरपीएफ है, वहां सब कुछ अच्छा होगा।

अमित शाह ने कहा, जम्मू.कश्मीर से लेकर सुदूर के जनजातीय इलाकों तक शांति एवं विकास के कार्यों को स्थापित करने में सीआरपीएफ के जवानों ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। 2010 की तुलना में देश में वामपंथी उग्रवाद हिंसा की घटनाओं में 76 फीसदी की गिरावट हुई है। इसी का नतीजा है कि होने वाली मौतों में 78 फीसदी की कमी आई है।



करनपुर कैंप में गृहमंत्री ने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने स्टंट शो किए। जवानों की एक टुकड़ी ने आईडी ढूढने के तरीके और कैसे डिफ्यूज करते हैं ये दिखाया। परेड के बाद डॉग शो दिखाया गया। डॉग शो में सीआरपीएफ के ऑपरेशन को सफल बनाने डॉग की कितनी बड़ी भूमिका होती है यह बताया गया। उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में सीआरपीएफ की भूमिका की सराहना की।

अमित शाह ने कहा, उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई जारी है। इतिहास में सीआरपीएफ का अहम योगदान है। उनके कल्याण के लिए भारत सरकार ने अहम कदम उठाएं हैं। जवानों ने वामपंथियों से लड़ाई लड़ी है। 18 हजार से ज्यादा आदिवासी भाइयों को जवानों ने दवाई से लेकर सभी सुविधाएं मुहैया कराई है।

शाह ने कहा, कोरोना काल में सीआरपीएफ की जहां तैनाती थी। वहां जनता की सेवा में जज्बे से काम किया है। अपना आदर्श वाक्य सेवा और निष्ठा का काम किया है। अस्पताल में भर्ती कराने से लेकर सभी तरह की जरूरत पूरी करने में अहम भूमिका निभाई है। इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

### सीआरपीएफ सुरक्षा का मजबूत आधार

अमित शाह ने कहा, देश की शांति और सुरक्षा का मजबूत आधार सीआरपीएफ बन गया है जोकि देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसलिए बस्तर में हम स्थापना दिवस समारोह मना रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ जवानों की अहम भूमिका है।

शाह ने कहा, बिहार और झारखंड के बूढा पहाड़, चक्रबंधा और पारसनाथ को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त कर उसे मुख्य धारा से जोड़ा जा चुका है। और इन सभी क्षेत्रों में विकास की सभी योजनाओं को जमीन पर उतारा जा रहा है। इसका श्रेय सीआरपीएफ और राज्य की पुलिस को जाता है।

### शहीद जवानों की पत्नियों को वीरता पुरस्कार से किया सम्मानित

अमित शाह ने शहीद जवानों की पत्नियों वीरता पुरस्कार से सम्मानित करके उनका हौसला बढ़ाया। नार्थ सेक्टर, मणिपुर, नागालैंड सेक्टर, कोबरा सेक्टर, साउथ सेक्टर, वेस्ट बंगाल सेक्टर और छत्तीसगढ़ सेक्टर के जवानों ने परेड की। डॉग शो, बाइक से स्टंट और नाट्य रूपांतरण करके फोर्स के कामों को दिखाया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के जवान समेत कई अफसर भी मौजूद रहे।

# प्रश्न-पत्र घोटाले में तत्कालीन डीईओं पर बड़ी कार्रवाई

**रायपुर,25मार्च 2023(ए)।** शिक्षा विभाग में चर्चित कोरबा जिला के तात्कालीन जिला शिक्षाधिकारी सतीश पांडेय का प्रश्न पत्रों के प्रिंटिंग में घोटाला का मामला सामने आया हैं। इस सनसनीखेज मामले की जांच के बाद अब स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव ने तात्कालीन डीईओं से 7 लाख 38 हजार रूपये की रिकवरी निकालते हुए 24 किस्तों में जमा करने के साथ ही 2 इक्रीमेंट रोकने का सख्त आदेश जारी किया हैं। अवर सचिव के इस आदेश के बाद शिक्षा विभाग में मनमानी कर आर्थिक अनियमितता करने वाले अफसरों के बीच हड़कंप मच गया हैं।

गौरतलब हैं कि कोरबा के तात्कालीन डीईओं सतीश पांडेय पर वर्ष 2018-19 और 2019-20 मे प्रशन पत्रों के प्रिंटिंग कार्य में मनमानी करते हुए बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गयी थी। इस मामले की शिकायत होने के बाद शिक्षा विभाग ने डीईओं सतीश पांडेय के इस प्रकरण पर 27 फरवरी 2021को जांच का आदेश दिया गया था। जांच अधिकारी संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव की टीम द्वारा जांच में पाया गया कि वर्ष 2018-19 में प्रश्नपत्रों के प्रिंटिंग के लिए 87 लाख 41 हजार 532 और वर्ष 2019-20 में 76 लाख 14 हजार 816 रूपये शासन से आबंटित किये गये थे। वर्ष 2018-19 में कक्षा पहली से 8वीं तक की वार्षिक परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका के प्रिंटिंग में 52 लाख 51 हजार 777 रूपये का कार्य कराया गया।

**जांच में ये भी पाया गया कि प्रश्नपत्रों की छपाई में शासन के भंडार क्रय नियमों का भी उल्लंघन कर आर्थिक गड़बड़ियां की गयी**




लेकिन इस प्रिंटिंग कार्य का भुगतान तत्काल ना कर एक साल बाद मुद्रक को तय राशि से 1 लाख 42 हजार 943 रूपये अतिरिक्त किया गया। इसी तरह वर्ष 2019-20 में एक और मामले में कक्षा पहली से सातवीं तक के छात्रों की परीक्षा होनी थी। राज्य शासन से प्रश्नपत्रों की सीडी आने से पहले ही डीईओं ने मनमानी करते हुए स्थानीय स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार कर अपने चहेते प्रिंटिंग प्रेस से करा लिया गया। इसमें आधे से अधिक प्रश्नपत्र प्रिंटिंग प्रेस में छपाई होने के बाद दोबारा एससीईआरटी से आये प्रश्न पत्र को दोबारा प्रिंट कराया गया। इस तरह दो बार एक ही प्रश्न पत्रों की छपाई में करीब 7 लाख 38 हजार 855 रूपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया।

अधिकारियों की जांच में ये भी पाया गया कि प्रश्नपत्रों की छपाई में शासन के भंडार क्रय नियमों का भी उल्लंघन कर आर्थिक गड़बड़िया की गयी। जांच में इन सारे खुलासे के बाद शिक्षा विभाग ने कोरबा के तात्कालीन डीईओं सतीश पांडेय से 7 लाख 38 हजार रूपये की रिकवरी का आदेश जारी करते हुए दो वेतन वृद्धि रोकने का सख्त आदेश जारी किया हैं। आदेश में बकायदा 24 किस्तों में 7 लाख 38 हजार रूपये की वसूली का आदेश दिया गया हैं। शिक्षा विभाग के अवर सचिव आर.पी.वर्मा के इस आदेश के बाद शिक्षा विभाग में मनमानी कर आर्थिक गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ हैं।

# जस्टिस रमेश सिन्हा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस

**जस्टिस दिवाकर इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश होंगे**

**बिलासपुर/रायपुर,25मार्च 2023(ए)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश रमेश सिन्हा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे। कानून एवं न्याय मंत्रालय ने इलाहाबाद और पटना उच्च न्यायालय में भी मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की।



इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनाए गए हैं। केरल उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस के विनोद चौहान को पटना हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने 1990 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक किया है। उन्होंने 8 सितंबर 1990 को एक वकील के रूप में कार्य शुरू किया और इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सिविल और आपराधिक मामलों की प्रैक्टिस की। जस्टिस सिन्हा को 21 नवंबर 2011 में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। 6 अगस्त 2013 को उन्होंने स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। इस समय वे इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश हैं।

# शराब के नशे में निरीक्षक घुसा महिला हॉस्टल

» आदिवासी युवती से की मारपीट

» अपहरण कर जान से मारने की दी धमकी

द्वारा यह कृत्य केवल उसकी गैर वाजिब मांगो को पूरी ना करने पर किया गया है।

मामला देवेंद्र नगर क्षेत्र का है जहां ट्रैफिक मुख्यालय रायपुर में पदस्थ निरीक्षक राकेश चौबे द्वारा तोड़फोड़ भी की, इसके बाद अश्लील शब्दो का प्रयोग करते हुए जातिसूचक गाली भी आदिवासी युवती को दी।

निरीक्षक चौबे ने युवती को इस मामले की शिकायत कही पर भी करने पर झूठे मामले में फसाने, अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले की शिकायत आदिवासी महिला ने एसएसपी रायपुर सहित अनुसूचित जाति जनजाति थाना व गंज थाने में की है, परंतु अब तक पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज नहीं किया है।



**रायपुर,25मार्च 2023(ए)।** राजधानी रायपुर में बेहद ही शर्मनाक करने वाला मामला सामने आया है जहां एक निरीक्षक शराब के नशे में धूत होकर महिला हॉस्टल में जबरदस्ती घुसकर आदिवासी युवती से मारपीट कर रहा है। हॉस्टल संचालिका ने बातचीत पर बताया की निरीक्षक शुक्रवार को वर्दी में आकर जबरदस्ती अंबिकापुर निवासी आदिवासी महिला के घर पर संचालित हॉस्टल में घुसकर शराब के नशे में युवती से मारपीट व गाली गलौच करता है, जहां पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो जाती है। हॉस्टल संचालिका ने बताया की निरीक्षक चौबे ने हॉस्टल में

# नुकसान पहुंचाया तो हम भी ईंट का जवाब पत्थर से देंगे

### कालिख पोतने के विवाद पर गरमायी राजनीति

**रायपुर,25मार्च 2023(ए)।** पूर्व मंत्री एवं रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में कांग्रेसियों द्वारा कालिख फेकने एवं मारपीट करने की घटना पर नाराजगी जताते हुए कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया है। अपनी प्रतिक्रिया में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी को सजा न्यायालय ने दी है। सदस्यता खत्म लोकसभा ने की है। तो उसके लिए उनको लड़ाई लड़ना है तो न्यायालय की लड़ाई लड़े। लोकसभा की लड़ाई लड़े। परंतु आज पूरे देश में, रायपुर में जिस प्रकार से कांग्रेस के लोगों ने नंगा नाच किया है। बीजेपी कार्यालय में कालिख फेंकी है, अपने झण्डे में



मोटे-मोटे डंडा लगाकर भाजपा कार्यकर्ताओं की जान लेने की कोशिश की है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया तो उनके सर फोड़ दिया गया हैं। उनको जेल ले जाया गया है। मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी सरकार ने, उनकी पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को या ऐसे लोग जो छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था को अपने हाथ में ले रहे हैं उनको खुला नंगा नाच करने की छूट दे रखी है?

# आखिरकार बांगो एएसआई की हत्या का राज खुल ही गया

» इस कारण से आक्रोशित था हत्यारा

» मौका पाकर किया वार,फिर ऐसे पकाया

**कोरबा/बांगो,25मार्च 2023 (ए)।** कोरबा पुलिस ने बांगो एएसआई मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने में बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण के निर्देशन पर पुलिस की टीम 10 मार्च से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 46/2023 धारा 302,458 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही थी।जहां कई संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की जा रही थी,पुलिस एएसआई की हत्या से जुड़े सभी सुरागों को बारीकी से खंगाल रही थी.

वही एएसआई के द्वारा जिन मामलों में विवेचना की गई थी उन्हें भी खंगाला जा रहा था।आखिरकार पुलिस को विवेचना के दौरान कुछ अहम सुराग हाथ लगे जहां पुलिस को करन गिरी पिता राजकुमार गिरी (25) साकिन ठीहाईपारा बावापारा कोनकोना के ऊपर संदेह हुआ जहां पुलिस सख्ती के आगे आरोपी ने घुटने टेक दिए और अपना जुर्म कबूल करने पर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

एएसआई की हत्या ने पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया था,लिहाजा पुलिस इस मामले को पूरी गम्भीरता से लेकर आरोपी की तलाश कर रही थी,बता दे की थाना बांगों में पदस्थ मृतक नरेन्द्र सिंह परिहार की हत्या विगत 09-10/03/2023 के दरम्यानी रात को पुलिस आवासीय परिसर के बैरक में हुई थी,जहां थाना प्रभारी बांगो द्वारा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकरियों को घटना के संबंध में सूचना दी गई, इसके बाद पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी, फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड, सायबर सेल के टीम घटना स्थल पर पहुंचे घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



वही पुलिस महानिरीक्षक बी0एन0 मीना बिलासपुर रेंज द्वारा घटना स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रकरण में थाना बांगो में अपराध क्रमांक 46 / 2023 धारा 458. 302 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जल्द से जल्द अज्ञात आरोपी को पकड़ने टीम गठित की गई। अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु एफएसएल टीम. डॉग स्क्वायड कोरबा एवं बिलासपुर की सयुंक्त सायबर टीम घटना स्थल का निरीक्षण कर अपने-अपने काम में लग गई। मामले में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस टीम विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से अनुसंधान कर रही थी ।

सयुंक्त सायबर टीम मामले की बारीकी से जांच कर रही थी संयुक्त साइबर टीम द्वारा घटना का समय जो रात्रि 12 बजे से सुबह 06.30 बजे के बीच का होने से उस समय का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा था जिसमें विश्लेषण के आधार पर संदेही करण गिरी को अर्डेटिफाई किया गया। संदेही करण गिरी को तलब कर पूछताछ किया गया जो पहले घटना करने से इंकार करता रहा फिर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना करना स्वीकार किया।

बताया कि मृतक एएसआई नरेन्द्र सिंह परिहार के द्वारा माह दिसम्बर में शराब प्रकरण में जेल भेज दिया था जो करीबन 15-20 दिन जेल में रहना बताया एवं दिनांक 08/03/2023 को होली त्योहार में मोहल्ला में डीजे बजाकर होली त्योहार मना रहे थे तब थाना से मृतक सउनि नरेन्द्र सिंह परिहार आकर रात्रि 09.30 बजे डीजे बंद कराकर डीजे थाना ले गया था तथा दूसरे दिन दिनांक 09/03/2023 को रात्रि 09. 30 बजे तक पुलिस वाले डी.जे बजाकर होली मना रहे थे। जिसमें परिहार साहब भी शामिल थे.

जिसे देखकर आक्रोशित होकर आज रात को मर्डर कर के रहूंगा कहकर पुलिस वालों का आना जाना बंद हो जाने के बाद सूनसान पाकर परिहार साहाब के कमरा के दरवाजा को खटखटाया जैसे ही परिहार साहब दरवाजा खोले तब मुझे ढंग से होली नहीं मनाने दिये और जेल भेज दिये कहकर आक्रोशित होकर मर्डर करने के लिये टांगी से ताबड़तोड़ हमला कर परिहार साहब को मारकर वहां से भाग गया। घटना कारित करने के बाद नदी के पास झाड़ी में टंगिया को छिपा दिया था. जिसे आरोपी के निशानदेही पर जप्त किया गया। घटना में प्रार्थी एवं गवाहों का कथन, निरीक्षण घटना स्थल, पीएम रिपोर्ट, जप्तशुदा टांगी, कपडा एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी करन गिरी पिता राजकुमार गिरी उम्र 25 वर्ष साकिन ठिहाईपारा बावापारा कोनकोना थाना बांगो जिला कोरबा छ.ग. के द्वारा अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)